# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com रायपुर, शुक्रवार 6 सितंबर 2024


### ट्रक रायपुर, धमतरी मार्ग पर रुक रहे

*ट्रांसपोर्टर के मुताबिक केशकाल के पास जाम की वजह से ढाबा संचालकों ने खाने का रेट बढ़ा दिया है। इसके अलावा आसपास राशन सामान नहीं मिलने की वजह से ट्रक चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इन सब बातों को ध्यान में रखते हुए ट्रक चालक रायपुर, अभनपुर तथा धमतरी के आसपास ट्रकों को रोक कर जाम खुलने का इंतजार कर रहे हैं।*



# ट्रक पलटा और केशकाल घाटी में रुकी रफ्तार, 15 किमी जाम

## जाम की वजह से बाहर से आने वाले ट्रक रायपुर, अभनपुर के पास स्टे करने मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

*केशकाल मार्ग पर ट्रक पलटने की वजह से ऐसा जाम लगा कि वाहनों की 15 किलोमीटर तक कतारें लगी रहीं। 48 घंटे के जाम में फंसे वाहन चालक खासे परेशान रहे हैं। ट्रक चालक अपने ट्रक रायपुर, अभनपुर मार्ग में ढाबा तथा आसपास रोक कर जाम खुलने का अब तक इंतजार कर रहे हैं। बताया गया है कि गुरुवार को धमतरी से बड़ा क्रेन केशकाल भेजा गया ताकि दुर्घटनाग्रस्त ट्रक को हटाया जा सके। इस बीच धीमी रफ्तार से एक एक कर वाहनों को* ▶▶ शेष पेज 4 पर




### चालकों की हालत खराब

पेशे से ट्रांसपोर्टर हैप्पी सिंह बाजवा के मुताबिक रायपुर से जगदलपुर रूट पर नियमित दो से तीन हजार ट्रकों की आवाजाही होती है। इसमें सबसे ज्यादा ट्रक बैलाडीला से लौह अयस्क परिवहन करने वाले हैं। केशकाल में जाम की स्थिति निर्मित होने की वजह से 15 किलोमीटर तक ट्रक खड़े हो गए हैं। ट्रक चालक जाम खुलने का इंतजार कर रहे हैं।

फैक्ट फाइल

### सुबह निकली बस शाम तक नहीं पहुंची

*छत्तीसगढ़ बस यातायात महासंघ के अध्यक्ष सैयद अनवर अली के मुताबिक रायपुर-जगदलपुर रूट पर स्टेट के अलावा इंटर स्टेट की दो सौ बसों का परिचालन होता है। इस मार्ग पर पिछले दो महीने से बसों के परिचालन में उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। संघ के अध्यक्ष के मुताबिक गुरुवार को सुबह जगदलपुर मार्ग के लिए निकली बसें शाम तक जगदलपुर नहीं पहुंच पाईं। इससे बस ऑपरेटर के साथ यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।*

### बारिश में हर साल होती है परेशानी

*ट्रांसपोर्टर, बस ऑपरेटरों के मुताबिक रायपुर-जगदलपुर मार्ग पर केशकाल के पास बारिश के दिनों में उन्हें हर वर्ष जाम से जूझना पड़ता है। वाहन मालिकों के मुताबिक इस वर्ष अन्य वर्षों की अपेक्षा उन्हें ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। परेशानी की वजह बस्तर इलाके में इस वर्ष अन्य वर्षों की अपेक्षा ज्यादा बारिश होने से सड़कें खराब हो गई हैं। खराब सड़कों की समय पर मरम्मत नहीं होने की वजह से गड्ढे और बड़े हो रहे हैं, जिसकी वजह से जाम की स्थिति निर्मित हो रही है।*






## एके 47, एसएलआर, पिस्टल व 303 रायफल समेत भारी मात्रा में गोला बारूद बरामद

# छग के बाद तेलंगाना सीमा पर मुठभेड़ ग्रे हाउंड फोर्स ने मार गिराए 6 नक्सली

*केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के राजधानी रायपुर में नक्सल प्रभावित राज्यों के डीजीपी व अन्य अधिकारियों की बैठक के बाद नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन तेज कर दिया गया है। बस्तर में सशस्त्र जवानों के बाद तेलंगाना सीमा पर अब ग्रे हाउंड फोर्स ने 6 नक्सली मार गए। पिछले 48 घंटे में छग व तेलंगाना में हुई मुठभेड़ में 15 नक्सली मारे गए हैं।*



### मोथे गांव के जंगल में हुई मुठभेड़



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर/कोंटा

गुरुवार सुबह तेलगांना स्टेट के भद्राद्री-कोटागुडेम जिले के काराकागुडेम थाना क्षेत्र स्थित मोथे गांव के जंगल में ग्रेहांउड्स पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में जवानों ने दो महिला माओवादी समेत छह नक्सलियों को मार गिराया। मुठभेड़ स्थल से मारे गए माओवादियों के शव के अलावा अत्याधुनकि हथियार एके 47, एसएलआर, पिस्टल व 303 रायफल समेत भारी मात्रा में गोला बारूद बरामद किया है। मुठभेड़ में ग्रेहांउड्स के दो जवान भी घायल हुए है, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ▶▶ शेष पेज 4 पर

### छग से जल्द खत्म होगा नक्सलवाद



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ से बहुत जल्द नक्सलवाद खत्म होगा। सरकार को लगातार नक्सलियों के खिलाफ लड़ाई में सफलता मिल रही है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार का लाभ मिल रहा है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 8 महीने में दो बार आकर सुरक्षा जवानों का हौसला अफजाई किए है। मजबूती के साथ हम नक्सलवाद के साथ लड़ रहे हैं।



**मुठभेड़ स्थल से बरामद हथियार**

सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ स्थल की तलाशी में भारी मात्रा में हथियार व गोला बारूद बरामद किया है। बरामद हथियारों में 2 एके 47 व 1 एसएलआर के अलावा 303 राइफल, पिस्टल, भारी संख्या में मैगजीन, जिंदा कारतूस, नक्सली किट बैग समेत गोला बारूद व नक्सली ▶▶ शेष पेज 4 पर

### मारे गए माओवादियों में ये शामिल

*एसपी ने बताया कि मुठभेड़ के बाद मारे गए नक्सलियों की शिनाख्त हो चुकी है। इनमें नक्सली कमाण्डर व एलजीएस सचिव कुंजा वीरैया उर्फ लचन्ना (42), निवासी रायगुडेम गोलापल्ली जिला सुकमा के अलावा मनुगुरु पाल्वोंचा एसीएम, लचन्ना की पत्नी डीवीसीएम पुनम लक्के तुलसी (29), गुथिकोया निवासी गोम्पाड़ गंगालूर जिला बीजापुर, कवासी रामू (25), निवासी संगमपडु यतापका आंध्र प्रदेश व पोडियम कोसैय्या सुकुरम (21), निवासी कोंडावई चेरला भद्राद्री कोत्तागुड़म तेलंगाना, कोसी व दुर्गेश नवनियुक्त माओवादी कैडर शामिल है।*

पीसीसी चीफ बैज का बड़ा बयान

# कांग्रेस में होगा बड़ा बदलाव, हटाए जाएंगे डेढ़ दर्जन जिला अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

कांग्रेस संगठन में बड़ा बदलाव होगा। पीसीसी चीफ दीपक बैज ने साफ कर दिया है कि निष्क्रय पदाधिकारी हटाए जाएंगे।

- परफॉर्मेंस के आधार पर बदले जाएंगे जिला अध्यक्ष

जिला अध्यक्षों को बदलने का निर्णय परफॉर्मेंस के आधार पर लिया जाएगा। युवा और संघर्षशील नेताओं को नई जिम्मेदारियां दी जाएंगी। संगठन में बदलाव के लिए सूची तैयार की जा रही है। एआईसीसी की मंजूरी के बाद इसे सार्वजनिक किया जाएगा। कांग्रेस संगठन में प्रदेश स्तर पर महामंत्री, सचिव और अन्य पदों पर भी नियुक्ति की जाएगी। ऐसा कहा जा रहा है कि डेढ़ दर्जन जिला अध्यक्षों को बदलने की तैयारी है।

उल्लेखनीय है कि संगठन में बदलाव को लेकर प्रदेश कार्यसमिति में मुहर लग चुकी है। बैठक के बाद से इसकी सूची तैयार की जा चुकी है। एआईसीसी को पिछले माह ही सूची सौंप दी गई थी। जिलों में चुनाव परिणाम के आधार पर जिला और ब्लॉक अध्यक्षों के परफार्मेंस देखा जा रहा है। वहीं चार साल से अधिक समय हो चुके जिला अध्यक्षों को भी हटाने की तैयारी है। नगरीय निकाय चुनाव के पहले ▶▶ शेष पेज 4 पर

### शिक्षा व्यवस्था सुधारने के बजाय धमका रहे

उन्होंने छत्तीसगढ़ की शिक्षा व्यवस्था को लेकर कहा, वर्तमान स्थिति में शिक्षा विभाग बिना मंत्री के चल रहा है, जैसे कि बिना इंजन की बोगी पटरी पर चल रही हो। राजनांदगांव में अधिकारी धमकी दे रहे हैं। एक शिक्षक के लिए बच्चों को रोना पड़ रहा है, इससे समझ लीजिए कि शिक्षा व्यवस्था की क्या हालत है। शिक्षा व्यवस्था सुधारने के बजाय डराया धमकाया जा रहा है। राजनांदगांव में डीईओ को हटाना चाहिए। अपनी व्यवस्था सुधारने के बजाय बच्चों को डराना बंद करें।

### एक प्रकोष्ठ की कार्यकारिणी घोषित

नगरीय निकाय चुनाव की तैयारियों के बीच प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देश पर असंगठित क्षेत्र समस्या निवारण प्रकोष्ठ में प्रदेश कार्यकारिणी और नए जिला अध्यक्षों की नियुक्ति की गई है। जंबो सूची में 22 जिला अध्यक्ष, 32 प्रदेश सचिव, 20 प्रदेश महासचिव और 5 प्रदेश उपाध्यक्ष की नियुक्ति की गई है। भीम सिंहा को रायपुर शहर की जिम्मेदारी दी गई है।

## खबर संक्षेप

### नड्डा ने आडवाणी-जोशी को सौंपी सदस्यता की प्रति



**नई दिल्ली।** भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने गुरुवार को पार्टी के पूर्व अध्यक्ष लालकृष्ण आडवाणी और मुरली मनोहर जोशी से उनके आवास पर मुलाकात की। नड्डा ने दोनों वरिष्ठ नेताओं को 'भारतीय जनता पार्टी-राष्ट्रीय सदस्यता अभियान 2024' के अंतर्गत सदस्यता के नवीनीकरण की प्रति भी सौंपी।

### जन संचय जन भागीदारी की शुरुआत करेंगे पीएम

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 6 सितंबर को गुजरात के सूरत में 'जल संचय जन भागीदारी' पहल की शुरुआत करेंगे। इसका उद्देश्य जल संरक्षण में सामुदायिक भागीदारी को सुदृढ़ करना है। यह पहल मौजूदा 'जल संचय जन भागीदारी' अभियान के अनुरूप है। इस पहल का उद्देश्य वर्षा जल संचयन संरचनाओं को लागू करने के लिए प्रेरित करना है।



### प्रयागराज से वैष्णोदेवी धाम के लिए सीधी ट्रेन

**प्रयागराज।** प्रयागराज के सूबेदारगंज स्टेशन से माता वैष्णो देवी धाम के लिए सीधी ट्रेन सेवा का उद्घाटन गुरुवार को फूलपुर के सांसद प्रवीण पटेल ने हरी झंडी दिखाकर किया। इस अवसर पर सांसद प्रवीण पटेल ने कहा, आज पूरे प्रयागवासियों के लिए बहुत शुभ दिन है। माता वैष्णो देवी धाम के लिए सीधी ट्रेन की काफी लंबे समय से की जा रही मांग आज पूरी हुई।



### रेप पीड़िता के बारे में पोस्ट सीबीआई से रिपोर्ट तलब

**कोलकाता।** कलकत्ता हाईकोर्ट ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में कथित बलात्कार और हत्या की पीड़िता के बारे में सोशल मीडिया पर घटिया पोस्ट को लेकर सीबीआई को 18 सितंबर तक रिपोर्ट देने को कहा है। अदालत ने कहा कि इस तरह की घटिया टिप्पणी को समाज का कोई व्यक्ति स्वीकार नहीं करेगा। याचिकाकर्ता की ओर से दी गई आपत्तिजनक पोस्ट की प्रति में नजर आ रहा है कि सोशल मीडिया पर पीड़िता की तस्वीर के साथ घटिया टिप्पणियां की गई हैं।

# मिश्रा हटाए गए, हिमांशु गुप्ता बने जेल डीजी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राज्य सरकार ने छह माह पहले ही जेल महानिदेशक बनाए गए सेवानिवृत आईपीएस राजेश मिश्रा को हटा दिया। उनकी जगह भारतीय पुलिस सेवा के 1994 बैच के अधिकारी हिमांशु गुप्ता को जेल महानिदेशक बनाया गया है। श्री मिश्रा ▶▶ शेष पेज 4 पर

### हिमांशु थे डीजीपी के दावेदार

जेल डीजी बनाए गए हिमांशु गुप्ता को पूर्व में डीजीपी पद के प्रमुख दावेदार के रूप में देखा जा रहा था, लेकिन श्री जुनेजा को छह माह के लिए एक्सटेंशन मिल गया। इसके बाद से डीजीपी पद पर नई नियुक्ति की अटकलें फिलहाल पूरी तरह समाप्त हो गई है। राज्य शासन ने एक ▶▶ शेष पेज 4 पर

## साहित्यकारों के नाम तीन शिक्षकों को सम्मान, 52 को राज्य स्तरीय पुरस्कार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शिक्षक दिवस के अवसर पर राजभवन में वर्ष 2023-24 के उत्कृष्ट शिक्षकों को राज्य स्तरीय सम्मान प्रदान किया। राजभवन में आयोजित समारोह में राज्यपाल ने कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों को बड़ा सपना देखने प्रेरित करें। विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों की भी शिक्षा देना सुनिश्चित करें। प्रदेश के तीन महान साहित्यकारों के नाम पर तीन शिक्षकों को राज्य शिक्षक सम्मान स्मृति पुरस्कार दिया गया। बिलासपुर जिले की डॉ. रश्मि सिंह धुर्वे को डॉ.पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी स्मृति पुरस्कार, कबीरधाम ▶▶ शेष पेज 4 पर

### साय बोले- सीख शिक्षकों से ही मिलती है

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत में शिक्षक दिवस का जितना उत्साह और महत्व है वैसा शायद ही कहीं और देखने को नहीं मिलता। भले ही आज इंटरनेट की दुनिया में ज्ञान एक क्लिक पर उपलब्ध है लेकिन अनुभव भरा ज्ञान, संस्कारपूर्ण शिक्षा, जीवन जीने की कला, कौशल, उत्तम शैली की सीख केवल विद्यालयों में शिक्षकों के जरिए ही संभव है।

कुसमुण्डा खदान का मामला

# जांच रिपोर्ट में खुलासा, प्रबंधन की लापरवाही से गई जितेंद्र की जान

हरिभूमिन्यूज ▶▶ बिलासपुर/कोरबा

एसईसीएल कुसमुंडा प्रबंधन की मानसून प्रिपरेशन की तमाम खामियों की वजह से 27 जुलाई को हुई बारिश के बाद ओव्हरबर्डन में लैंड स्लाइड की वजह से सहायक प्रबंधक (माइनिंग) जितेन्द्र विनायक नागरकर की मलबे में बहकर दबने से मौत हो गई थी। कंपनी सुरक्षा समिति के सदस्य बी धर्माराव की ▶▶ शेष पेज 4 पर

### पूरी की जा रही प्रक्रिया

कुसमुंडा हादसे में मृत सहायक खनन अधिकारी जितेन्द्र विनायक नागरकर की मौत के बाद की सारी प्रक्रियाएं पूरी कर ली गई हैं। ग्रेज्युटी माइंस एक्सीडेंट से मिलने वाली राशि का भुगतान कर दिया गया है। साथ ही ▶▶ शेष पेज 4 पर

## टैक्स देने वाले दिग्गजों की सूची, करीना अभिनेत्रियों में टॉप पर

# बॉलीवुड से शाहरुख सबसे आगे, कोहली-धोनी का भी जलवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान वित्त वर्ष 2023-24 में 92 करोड़ रुपए का अग्रिम कर भुगतान कर दिग्गज हस्तियों (सेलिब्रिटी) की करदाताओं की सूची में शीर्ष पर हैं। तमिल अभिनेता 'थलापति' विजय इस सूची में दूसरे स्थान पर हैं। वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान जिस खिलाड़ी ने सबसे ज्यादा टैक्स भरा, वह क्रिकेटर विराट कोहली है। क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी देश में दूसरे सबसे ज्यादा टैक्स भरने वाले स्पोर्ट्सपर्सन हैं। फॉर्च्यून इंडिया की 'द स्टार कास्ट' सूची मशहूर हस्तियों द्वारा ▶▶ शेष पेज 4 पर

- सलमान, थलापति, अमिताभ, विराट कोहली सबसे ज्यादा कर देने वाली दिग्गज हस्तियों की सूची में



### कोहली ने चुकाया 66 करोड़

फॉर्च्यून इंडिया की सूची के अनुसार, देश में सबसे ज्यादा टैक्स चुकाने वाले सिलेब्रिटीज में विराट कोहली 5वें नंबर पर हैं। विराट कोहली ने वित्त वर्ष 2023-24 में 66 करोड़ रुपए का अग्रिम कर चुकाया। क्रिकेट जगत से एम.एस. धोनी ने 38 करोड़ रुपए का अग्रिम कर चुकाया। सचिन तेंदुलकर तथा सौरव गांगुली ने क्रमशः 28 करोड़ रुपए और 23 करोड़ रुपये का भुगतान किया। हार्दिक पांड्या ने 13 करोड़ रुपये और ऋषभ पंत ने 10 करोड़ रुपये कर के तौर पर चुकाए।

### धोनी से लेकर सचिन तक ने भरा तगड़ा टैक्स

विराट कोहली के बाद महेंद्र सिंह धोनी हैं। बीते वित्त वर्ष में उन्होंने कुल 38 करोड़ रुपये का एडवांस्ड टैक्स भरा है। धोनी की नेटवर्थ भी 1000 करोड़ रुपए के पार बताई जाती है। धोनी के बाद सबसे ज्यादा टैक्सपेयर क्रिकेटर मास्टर ब्लास्टर के नाम से फेमस सचिन तेंदुलकर हैं, जिन्होंने वित्त वर्ष 2023-24 में 28 करोड़ रुपये का टैक्स भरा है।

### करीना के बाद कियारा और कैटरीना

सूची के मुताबिक करीना कपूर खान ने 20 करोड़, कियारा आडवाणी ने 12 करोड़ रुपए टैक्स भरा है। 11 करोड़ रुपए देकर कैटरीना कैफ तीसरे नंबर पर हैं। इस सूची में किसी अन्य महिला सेलिब्रिटी को जगह नहीं मिली है। करीना की पिछली फिल्म 'क्रू' का निर्देशन राजेश ए कृष्णन ने किया था और जिसमें उनके साथ कृति सनोन और तब्बू भी थीं।





सपनों से हकीकत का सफर
Classic के साथ...
CLUB HOUSE MEMBERSHIP FREE*
CLASSIC GROUP
LIFESTYLE MATTERS
*T&C APPLY
CLASSIC CASTLE
PCGRERA220620001124 | P3CGRERA031120000020 | https://rera.cgstate.gov.in
Premium Residential Zone Kachna में
Fully Developed Premium Plots
Ready Possession House
ALSO AVAILABLE
EXCLUSIVE AMENITIES
ALL ACTUAL IMAGES
Gymnasium
Rooftop Swimming Pool
Toddler's Play Area
Grand Entrance & Club Classico
Movie Theatre
Gazebo
Restaurant
Guest Rooms
Indoor Games
FULLY DEVELOPED PLOTS
Sizes from 800 to 2400 Sq.Ft.
SUMEET LANDSCAPE
PROJECT ASSOCIATE
CLASSIC VENTURES
CGRERA060320A000465
https://rera.cgstate.gov.in
300+ Happily Living Families
यहाँ है आपके अपनों की खुशी!
All Actual Images
Gazebo
Movie Theatre
Gymnasium
Open Gym
Party Hall
Kid's Play Area
Toddler's Play Area
Indoor Games
Bird Zone
Club House & Swimming Pool
Actual Image
CLASSIC TOWERS
PCGRERA270223001615 | https://rera.cgstate.gov.in
Come & Feel THE DIFFERENCE!
Kid's Play Area
Guest Rooms
Movie Theatre
Gymnasium
Lobby with Drop Off Zone
Sit Out Area
ALL CONCEPTUAL IMAGES
READY DEMO FLAT
2 & 3 BHK SPACIOUS FLATS
₹41.51 LACS* ONWARDS
SCAN TO KNOW MORE
SUMEET LANDSCAPE
722 500 1000
BESIDE DPS SCHOOL, VIDHAN SABHA ROAD, RAIPUR
CLASSIC CASTLE
901 902 1000
KACHNA, RING ROAD NO.3, MAIN ROAD, RAIPUR
CLASSIC TOWERS
951 610 1000
NEAR POLICE HOUSING SOCIETY, PANI TANKI ROAD, AMLIDIH, RAIPUR

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


05 स्वर्ण के साथ टोक्यो की बराबरी

34.92 मीटर धर्मबीर ने फेंका क्लब

34.59 मीटर से प्रणव ने जीता रजत

05 स्वर्ण, 09 रजत, 10 कांस्य भारत के नाम



## धर्मबीर ने चार फाउल के बाद जीता सोना

विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता सोनीपत के 35 साल के धर्मबीर सबसे पहले मैदान पर उतरे। उन्होंने शुरुआती चार प्रयास में फाउल करने के बाद पांचवें प्रयास में क्लब को 34.92 मीटर की दूरी तक फेंक और फिर पूरी स्पर्धा के दौरान शीर्ष पर बने रहे। प्रणव ने अपने पहले ही प्रयास में 34.59 मीटर का थ्रो किया लेकिन इसके बावजूद फरीदाबाद का यह 29 वर्षीय खिलाड़ी धर्मवीर को नहीं पछाड़ पाया। सर्बिया के फिलिप ग्राओवाक ने अपने दूसरे प्रयास में 34.18 मीटर का थ्रो करके कांस्य पदक जीता।

# पैरालंपिक में एक और स्वर्ण...

## भारत ने रखा 25 का लक्ष्य, जीता 25वां पदक

एजेंसी ⏭ पेरिस

भारत ने पेरिस पैरालंपिक में एक और स्वर्ण पदक जीत लिया है। भारत ने टूर्नामेंट के 8वें दिन तीन पदक जीते। इस तरह 5 स्वर्ण, 9 रजत और 11 कांस्य के साथ कुल 25 पदक जीतकर भारत पदक तालिका में 14वें स्थान पर चल रहा है। एक दिन पहले ही भारत ने टोक्यो पैरालंपिक के 19 पदकों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ चुका है। भारत ने टूर्नामेंट से पहले 25 पदक का लक्ष्य रखा था और अब गुरुवार तक 25 पदक जीत लिया। ⏭ शेष पेज 4 पर

### एफ 51 क्लब थ्रो स्पर्धा

एफ 51 क्लब थ्रो स्पर्धा उन खिलाड़ियों के लिए है जिनके धड़, पैर और हाथों में मूवमेंट बहुत ज्यादा प्रभावित होती है। सभी प्रतियोगी बैठे-बैठे प्रतिस्पर्धा करते हैं और ताकत उत्पन्न करने के लिए अपने कंधों और बांह पर निर्भर रहते हैं।

### कपिल ने जीता कांस्य पदक

पेरिस। कपिल परमार ने गुरुवार को यहां जे1 60 किग्रा पुरुष पैरा जूडो स्पर्धा में ब्राजील के एलिल्टोन डि ओलिवेरा को हराकर कांस्य पदक जीता और भारत को जूडो में पहला पैरालंपिक पदक दिलाया। परमार ने कांस्य पदक के मुकाबले में अपने प्रतिद्वंद्वी पर शुरू से ही दबदबा बनाए रखा और रिकॉर्ड 10-0 से जीत हासिल की। इससे पहले वह सेमीफाइनल में ईरान के एस बनिताबा खोर्रम अबादी से पराजित हो गए। परमार (24 वर्ष) को सेमीफाइनल ए में ईरानी प्रतिद्वंद्वी से 0-10 से हार मिली। परमार ने 2022 एशियाई खेलों में इसी वर्ग में रजत पदक जीता था। उन्होंने क्वार्टरफाइनल में वेनेजुएला के मार्को डेनिस ब्लांको को 10-0 से शिकस्त दी थी।

### हरविंदर-पूजा खेलेंगे कांस्य पदक मुकाबला

भारतीय तीरंदाज हरविंदर सिंह और पूजा जटियां पेरिस पैरालंपिक रिकर्व मिश्रित टीम ओपन के सेमीफाइनल में कड़ी टक्कर देने के बावजूद इटली के शीर्ष वरीयता प्राप्त एलिसाबेटा मिज्नो और स्टेफानो ट्रैविसानी के खिलाफ 2-6 से हार गए। हरविंदर और पूजा पदक की दौड़ में बने हुए हैं और अब कांस्य पदक के लिए मुकाबला खेलेंगे।


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### कार-बाइक की टक्कर में छह युवकों की मौत



**जयपुर।** राजस्थान के गंगानगर जिले में बुधवार देर रात एक कार ने दो बाइकों को टक्कर मार दी जिससे छह युवकों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान ताराचंद (20), मनीष (24), सुनील कुमार (20), राहुल (20), शुभकरण (19) और बलराम (20) के रूप में हुई है। बुधवार देर रात यह हादसा सूरतगढ़-अनूपगढ़ राज्य राजमार्ग पर हुआ।

### आदिवासी छात्रों को पांच हजार वित्तीय सहायता



**भुवनेश्वर।** ओडिशा सरकार ने राज्य के लगभग तीन लाख आदिवासी विद्यार्थियों को उनकी पढ़ाई के लिए पांच हजार रुपए की वार्षिक वित्तीय सहायता देने की घोषणा की है। 8वीं-10वीं कक्षा उत्तीर्ण कर 9वीं-11वीं कक्षा में प्रवेश लेने वाले प्रत्येक आदिवासी विद्यार्थी को प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

### कांग्रेस नेता का 'करीबी सहयोगी' गिरफ्तार



**जालंधर।** ईडी ने पंजाब में कांग्रेस के नेता एवं पूर्व मंत्री भारत भूषण आशु के कथित करीबी सहयोगी राजदीप सिंह को निविदा 'घोटाले' से जुड़े धन शोधन मामले में गिरफ्तार किया। ईडी ने बुधवार को खन्ना जिले सहित राज्य में सिंह के चार व्यावसायिक और आवासीय परिसरों में दिनभर तलाशी ली जिसके बाद रात को उन्हें हिरासत में लिया गया।

### असम में पांच बांग्लादेशी घुसपैठिए पकड़े गए



**गुवाहाटी।** असम के करीमगंज जिले में अवैध रूप से प्रवेश करने की कोशिश के दौरान पांच बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा गया। उन्हें पड़ोसी देश के अधिकारियों को सौंप दिया गया। भारत-बांग्लादेश सीमा पर सतर्कता बरत रही असम पुलिस ने इन बांग्लादेशी नागरिकों की पहचान की।

### फरवरी 2025 में गुवाहाटी एशियाई फिल्म महोत्सव



**गुवाहाटी।** असम में पहले गुवाहाटी एशियाई फिल्म महोत्सव का आयोजन फरवरी 2025 में किया जाएगा। इसमें इस क्षेत्र की कुछ प्रमुख फिल्में प्रदर्शित की जाएंगी। सात से नौ फरवरी तक चलने वाला तीन दिवसीय यह फिल्म महोत्सव एशियाई और पूर्वोत्तर भारतीय फिल्मों के उत्सव में मील का एक महत्वपूर्ण पत्थर है।

राष्ट्रपति पुतिन बोले-मैं यूक्रेन संघर्ष को लेकर भारत, चीन, ब्राजील के लगातार संपर्क में हूं

# मोदी-पुतिन की बातचीत रंग ला रहीं, यूक्रेन से सुलह को रूस राजी, भारत करेगा मध्यस्थता!

एजेंसी ⏭ मॉस्को

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने गुरुवार को कहा कि शांति वार्ता में चीन, भारत और ब्राजील मध्यस्थता का काम कर सकते हैं। रूस ने कहा कि मोदी और पुतिन के दोस्ताना संबंधों से अमेरिका, यूक्रेन और रूस के शांति प्रयासों को मदद मिलेगी। पुतिन ने भारत का नाम उन तीन देशों में शामिल किया जिनके साथ वह यूक्रेन संघर्ष के संबंध में लगातार संपर्क में हैं। उन्होंने कहा कि वह इस मुद्दे को सुलझाने के लिए पूरी ईमानदारी से प्रयास कर रहे हैं। सरकारी समाचार एजेंसी 'तास' ने यह जानकारी दी।

पुतिन की यह टिप्पणी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यूक्रेन की ऐतिहासिक यात्रा के दो सप्ताह के बाद आई है, जहां उन्होंने राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ वार्ता की थी। रूसी समाचार एजेंसी ने पुतिन के हवाले से अपनी खबर में कहा, हम अपने मित्रों और साझेदारों का सम्मान करते हैं। हम इस संघर्ष से जुड़े सभी मुद्दों को ईमानदारी से सुलझाना चाहते हैं, मुख्य रूप से चीन, ब्राजील और भारत। मैं इस मुद्दे पर अपने सहयोगियों के साथ लगातार संपर्क में ⏭ शेष पेज 4 पर

*रूस और यूक्रेन के बीच लंबे समय से जंगी माहौल बना हुआ है। दूसरे देशों के शांति की सभी कोशिशें अब तक नाकाम हुई हैं। हालांकि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने चौंकाते हुए यूक्रेन के साथ बातचीत के संकेत दिए हैं। राष्ट्रपति पुतिन का यह बयान ऐसे समय में आया है, जब जुलाई महीने में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रूस के दौरे पर गए थे और राष्ट्रपति पुतिन से मुलाकात की थी। अब पुतिन ने कहा कि वह यूक्रेन से बातचीत के लिए तैयार हैं।*

**कहां पहुंची रूस-यूक्रेन जंग**

- 24 फरवरी 2022 को शुरू हुई रूस-यूक्रेन जंग को ढाई साल पूरे हो चुके हैं।
- अब तक यूक्रेन के 10 हजार आम नागरिकों की मौत, जबकि 18500 लोग घायल
- यूक्रेन का दावा है कि रूस 3.92 लाख सैनिक गंवा चुका है।
- अमेरिका ने रूस की 500 रूसी कंपनियों पर प्रतिबंध लगा रखे हैं।

## पीएम मोदी ने रूस में पुतिन और यूक्रेन में जेलेंस्की से की थी मुलाकात



### कैसे हुई थी जंग की शुरुआत

रूस-यूक्रेन जंग में 6 अगस्त 2024 को पहली बार ऐसा हुआ, जब यूक्रेन ने रूस में घुसकर उसके कुर्स्क इलाके पर कब्जा कर लिया। तभी से यूक्रेन लगातार रूस पर हमलावर है।

**पश्चिम की तरफ पूर्व की तरफ बढ़ रहा रुस का झुकाव:** राष्ट्रपति पुतिन ने यह भी कहा कि रुस तेजी से पूर्व की ओर बढ़ रहा है और पश्चिम से दूर हो रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले तीन ईस्ट इकनॉमिक फोरम पर रुस ने 10.5 ट्रिलियन रूबल यानी 9.79 ट्रिलियन रुपए (9.79 लाख करोड़ रुपए) से अधिक मूल्य के हजारों समझौतों पर हस्ताक्षर किए। रुस ने कहा कि 30 से अधिक देश ब्रिक्स में शामिल होने या सहयोग करने के लिए तैयार दिख रहे हैं।

### पुतिन ने जंग रोकने रखी दो शर्तें

फरवरी 2022 में युद्ध शुरू होने के एक महीने बाद रूस और यूक्रेन के बीच तुर्किये की राजधानी इस्तांबुल में कई दौर की बातचीत हुई थी। इसका मकसद जंग रोकना था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने जंग रोकने के लिए दो शर्तें रखी थीं। उन्होंने कहा था कि यूक्रेन को दोनेत्स्क, लुहांस्क, खेरसोन और जपोरजिया से अपने सैनिक हटाने होंगे। इसके अलावा यूक्रेन कभी भी नाटो का हिस्सा नहीं बनेगा। हालांकि यूक्रेन ने इन शर्तों को मानने से इनकार कर दिया था।

### जेलेंस्की बोले- भारत में करवा सकते हैं समिट

पुतिन का यह बयान तब आया है जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करीब 2 महीने पहले 8 जुलाई को रूस के दौरे पर गए थे। यहां उन्होंने पुतिन से जंग रोकने पर चर्चा की थी। इसके कुछ समय बाद पीएम मोदी 23 अगस्त को यूक्रेन का भी दौरा किया था। इस दौरान यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने भारत में दूसरा पीस समिट करवाने की इच्छा जाहिर की थी। वहीं जेलेंस्की के साथ बैठक में पीएम मोदी ने कहा था, भारत शांति के पक्ष में रहा है।

शिक्षक की मांग का मामला

# छात्राओं से दुर्व्यवहार के बाद हटाए गए डीईओ



**शिक्षा विभाग का एक्शन**



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शिक्षक की मांग लेकर पहुंची छात्राओं के साथ दुर्व्यवहार करने को लेकर चर्चा में आए राजनांदगांव जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल को हटा दिया गया है। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आदेश जारी कर डीईओ अभय जायसवाल को लोक शिक्षण विभाग में सहायक संचालक के पद पर पदस्थ किया है। उल्लेखनीय है कि राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ विकासखंड के आलीवारा स्कूल में 11वीं और 12वीं कक्षा के विज्ञान और कला संकाय में शिक्षकों की कमी है। मंगलवार को कलेक्टर के जनदर्शन कार्यक्रम में स्कूली बच्चे और उनके अभिभावक इस समस्या को लेकर पहुंचे थे। बच्चों ने कलेक्टर से शिक्षकों की नियुक्ति की मांग की। कलेक्टर ने उन्हें डीईओ के पास भेज दिया।

### छात्राओं का आरोप

छात्राओं का आरोप है कि डीईओ ने उनकी बात सुनने के बजाए उनके साथ दुर्व्यवहार किया। छात्राओं को शिक्षक की मांग करने पर डीईओ द्वारा जेल भेज दिए जाने की बात कही गई थी। इसका वीडियो सोशल मीडिया में भी जमकर वायरल हुआ था। इसके बाद गुरुवार को स्कूल शिक्षा विभाग ने आदेश जारी कर डीईओ को हटा दिया गया है।

**बड़ी आपदा**

## नक्सल रोधी अभियान के दौरान वज्रपात से जवान की मौत



**बीजापुर।** बीजापुर जिले में गुरुवार को नक्सल विरोधी अभियान के दौरान वज्रपात से (सीआरपीएफ) के 23 वर्षीय जवान की मौत हो गई। जवान बस्तर बटालियन के कांवड़गांव कैम्प में पदस्थ था। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि कांस्टेबल कमलेश हेमला की उस समय मौत हो गई जब सीआरपीएफ की 85वीं बटालियन का एक दस्ता सुबह अपने कवड़गांव शिविर से आसपास के ⏭ शेष पेज 4 पर

### बस्तरिया बटालियन के जवान

जिले के संतोषपुर गांव के निवासी कमलेश हेमला बस्तरिया बटालियन से जुड़े थे, जो सीआरपीएफ की एक विशेष इकाई है। इसमें बस्तर क्षेत्र के नक्सल प्रभावित जिलों से चुने गए युवा शामिल होते हैं।

**स्लैब ढहा**

## 20वीं मंजिल से गिरकर चार मजदूरों ने तोड़ा दम



**मुंबई।** मलाड पूर्व इलाके में एक बड़ा हादसा हो गया। यहां एक निर्माणाधीन इमारत में काम कर रहे 6 मजदूर 20वीं मंजिल से गिर गए, जिनमें से 4 की मौत हो गई। 2 लोगों का गंभीर हालत में इलाज चल रहा है। यह हादसा सुबह करीब 11:40 पर हुआ, जब मलाड पूर्व के गोविंद नगर इलाके में स्थित नवजीवन बिल्डिंग में काम चल रहा था। इस घटना के करीब आधे घंटे बाद फायर ब्रिगेड और दिंडोशी पुलिस को जानकारी मिली।

### सुरक्षा के नहीं थे इंतजाम

पुलिस अधिकारियों ने कहा कि जहां काम चल रहा था, वहां सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं थे। फिलहाल पुलिस मौके पर मौजूद दूसरे मजदूरों के बयान ले रही है।

**सिक्किम में हादसा**

## खाई में गिरा वाहन, जेसीओ समेत चार जवानों की मौत



**इंफाल।** सिक्किम में बड़ा हादसा हो गया। यहां गुरुवार को सेना का एक वाहन खाई में गिर गया, जिससे भारतीय सेना के चार जवानों की मौत हो गई। मौके पर राहत और बचाव का काम शुरू कर दिया गया है। ये हादसा सिक्किम के पाकयोंग जिले में हुआ है।

अधिकारियों के अनुसार, चार भारतीय सेना के जवान गुरुवार को पश्चिम बंगाल के पेडोंग से सिक्किम के पाकयोंग जिले के सिल्ट रूट से जुलुक जा रहे थे।

### इनकी हो गई मौत

मृतकों में मध्य प्रदेश के ड्राइवर प्रदीप पटेल, मणिपुर के शिल्पाकार डब्लू पीटर, हरियाणा के नायक गुरसेव सिंह और तमिलनाडु के सूबेदार के थंगापंडी शामिल हैं।

झमाझम बारिश के बीच मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट

# छत्तीसगढ़ समेत 22 राज्यों में होगी भारी बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली/रायपुर

देशभर में हो रही झमाझम बारिश के बीच मौसम विभाग ने गुरुवार को पूर्वानुमान जताया है कि अगले तीन दिनों तक कई राज्यों में बहुत भारी बरसात हो सकती है। मौसम विभाग ने छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, उत्तर प्रदेश सहित 22 राज्यों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। गुजरात, महाराष्ट्र, तटीय आंध्र प्रदेश में आज तो पूर्वी राजस्थान और उत्तराखंड में अगले तीन दिनों तक भारी से बहुत भारी बरसात होने की संभावना है। इसके बाद इसमें कमी आएगी। दक्षिण भारत के ⏭ शेष पेज 4 पर

### इन राज्यों में ऐसी बारिश

उत्तर पश्चिम भारत के लिए मौसम विभाग का कहना है कि उत्तराखंड में पांच और छह सितंबर, पूर्वी राजस्थान में पांच से सात सितंबर को बहुत भारी बरसात हो सकती है। इसके अलावा, उत्तराखंड में पांच से सात सितंबर के बीच भारी बारिश जारी रहेगी। वहीं, पश्चिमी उत्तर प्रदेश में पांच सितंबर, पूर्वी उत्तर प्रदेश में पांच और छह सितंबर, पश्चिमी राजस्थान में पांच से सात सितंबर, पूर्वी राजस्थान में पांच से नौ सितंबर के बीच भारी बारिश की संभावना जताई गई है।

**रायपुर में जमकर बरसे बादल**



### गुजरात में 49, हरियाणा में तीन की मौत

हरियाणा के पंचकुला में ईंट भट्टे की दीवार गिरने से 3 बच्चों की मौत हुई। मध्य प्रदेश में भी बारिश की जुड़ी घटनाओं में एक महिला और एक युवक की मौत हो गई। गुजरात में इस मानसून सीजन में अब तक 49 लोगों की मौत हो चुकी है। राज्य में अगले 5 दिनों तक भारी बारिश का अलर्ट है।

### छत्तीसगढ़ में सात दिनों तक झमाझम

छत्तीसगढ़ में अगले सात दिनों तक झमाझम बारिश जारी रहने वाली है। मध्य महाराष्ट्र में छह से 10 सितंबर, गोवा में 5-10 सितंबर, सौराष्ट्र और कच्छ में पांच और छह सितंबर, गुजरात में पांच से आठ सितंबर, मध्य प्रदेश में छह से आठ सितंबर, पूर्वी मध्य प्रदेश में पांच, विदर्भ में 8-11 सितंबर के बीच भारी बरसात हो सकती है। पश्चिम और मध्य भारत के राज्यों की बात करें तो मध्य महाराष्ट्र, गुजरात, कोंकण और गोवा में पांच सितंबर को बहुत भारी बरसात हो सकती है।




## चिंतन

# सेमीकंडक्टर क्षेत्र में सहयोग बढ़ाएंगे भारत व सिंगापुर

सिंगापुर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिजनेस लीडर्स के साथ बैठक में एक खास बात कही है कि, 'मैं भारत में कई सिंगापुर बनाना चाहता हूं।' बात बहुत आकर्षक है, लेकिन कैसे? क्या हमारे पास सिंगापुर जैसा गवर्नेंस मॉडल है? क्या नेता के तौर पर हम जो सपने देखते हैं, उसे समय से पूरा करते हैं? जापान के शहर क्योटो की तरह बनारस को विकसित करने का संकल्प लिया गया था, चीन के शहर वुहान की तर्ज पर अहमदाबाद को विकसित करने की बात कही गई थी। स्मार्ट शहर से लेकर स्मार्ट गांव तक बनाने के फैसले हुए, लेकिन जमीनी सतर पर हम कहां हें आज? ऐसे बहुत से सवाल हैं, ऐसे बहुत से ऐलान हैं, जो पूरे नहीं हुए हैं। अगर हम अपने प्रोजेक्ट समय से पूरे करें, तो नया टार्गेट तय कर सकते है। अच्छी बात है कि पीएम की इस यात्रा के दौरान भारत व सिंगापुर में चार समझौते हुए हैं। इसमें सेमीकंडक्टर क्षेत्र में सहयोग भी है। सिंगापुर की आजादी के वक्त से भारत के अच्छे संबंध हैं। दोनों देश के बीच ट्रेड भी मोदी के कार्यकाल में दोगुणा बढ़े हैं। आसियान में सिंगापुर अहम भागीदार है, भारत का असियान के साथ बेहतर संबंध है, इसलिए सिंगापुर व भारत की नजदीकी भारत को आसियान में भी मजबूत करेगी। सिंगापुर की विकासगाथा में पश्चिम व चीन की अहम भूमिका है। भारत सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहता है, तकनीकी रूप से सिंगापुर भारत की सहायता कर सकता है। पीएम मोदी की सिंगापुर यात्रा का मकसद ही उसके अनुभव का लाभ लाने की संभावना तलाशना है। भारत व सिंगापुर उन्नत विनिर्माण, संपर्क सुविधा, डिजिटलीकरण, सुरक्षा, समुद्री क्षेत्र, एआई, फिनटेक, न्यूटेक, स्वास्थ्य सेवा एवं चिकित्सा और कौशल विकास जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाएंगे। दोनों मुल्कों के बीच व्यापक रणनीतिक से भारत की 'एक्ट ईस्ट' नीति को भी बढ़ावा मिलेगा। भारतीय अर्थव्यवस्था में लगभग 160 अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश के साथ सिंगापुर भारत का एक प्रमुख आर्थिक साझेदार है। दोनों देश 'हरित गलियारा' परियोजनाओं में तेजी लाएंगे। वर्ष 2025 में दोनों देश अपने द्विपक्षीय संबंधों की 60वीं वर्षगांठ मनाएंगे। दोनों देशों के बीच भारत-आसियान (दक्षिण पूर्वी एशियाई राष्ट्रों का संगठन) संबंधों और हिंद-प्रशांत के लिए भारत के दृष्टिकोण सहित आपसी हित के महत्वपूर्ण क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी ब्रुनेई की अपनी पहली द्विपक्षीय यात्रा समाप्त करके छह साल बाद सिंगापुर पहुंचे हैं। तीन हफ्तों के भीतर हिंद प्रशांत क्षेत्र का दूसरा देश है जिसके साथ भारत ने अपने रिश्तों के दर्जे को बढ़ाया है। पिछले पखवाड़े 20 अगस्त को भारत और मलेशिया के बीच ऐसी ही सहमति बनी थी। इन देशों के साथ भारत रक्षा, कारोबार, सैन्य, संचार जैसे क्षेत्रों में एक-दूसरे के हितों की रक्षा करने में सहयोग दे रहा है। भारत व सिंगापुर वर्ष 2016 में हुए आर्थिक समझौते (सीपा) में संशोधन करने को लेकर अगे बढ़ेंगे। 1966 और 1971 के बीच सिंगापुर के तत्कालीन प्रधानमंत्री ली क्वान यू ने भारत का दौरा तीन बार (1966, 1970 और 1971) किया था। यह भारत और सिंगापुर के बीच घनिष्ठ संबंधों का इतिहास है जो एक सहस्त्राब्दी के मज़बूत वाणिज्यिक, सांस्कृतिक और दोनों देशों के लोगों के बीच संबंधों में निहित है। स्वतंत्रता के बाद भारत, वर्ष 1965 में सिंगापुर को मान्यता देने वाले पहले देशों में से एक था। आज भारत व सिंगापुर मजबूत ट्रेड, सामरिक व रणनीतिक पार्टनर हैं।



रणनीति
डॉ. एल.एस. यादव

# अमेरिका के साथ बढ़ते रक्षा संबंध

यदि अमेरिकी रक्षा कंपनियां भारत आती हैं तो दोनों देश मिलकर जिन रक्षा उत्पादों का निर्माण करेंगे, वे आधुनिक किस्म के होंगे। इस प्रयास में सफलता मिलने पर भारत रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करने की दिशा में आगे बढ़ते हुए मेक इन इंडिया कार्यक्रम को काफी आगे बढ़ा सकेगा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह दोनों देशों के बीच व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को और बढ़ावा देने के लिए अमेरिका की चार दिवसीय यात्रा पर गए थे।अमेरिका के रक्षा विभाग ने एक बयान में कहा कि एसओएसए समझौते के जरिए अमेरिका और भारत, राष्ट्रीय सुरक्षा को बढ़ावा देने वाली वस्तुओं और सेवाओं के लिए पारस्परिक समर्थन प्रदान करने पर सहमत हैं।

भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का अमेरिकी दौरा रणनीतिक दृष्टिकोण से काफी महत्वपूर्ण रहा। उनकी यह यात्रा भारत और अमेरिका के रणनीतिक संबंधों को मजबूत बनाने के इरादे से ही थी। वहां पहुंचकर उन्होंने अमेरिकी रक्षा कंपनियों को भारत के साथ काम करने के लिए आमंत्रित किया है। यदि अमेरिकी रक्षा कंपनियां भारत आती हैं तो दोनों देश मिलकर जिन रक्षा उत्पादों का निर्माण करेंगे, वे आधुनिक किस्म के होंगे। इस प्रयास में सफलता मिलने पर भारत रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करने की दिशा में आगे बढ़ते हुए मेक इन इंडिया कार्यक्रम को काफी आगे बढ़ा सकेगा। इसके अलावा भारत रक्षा निर्यात में भी तेजी से आगे बढ़ेगा।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह दोनों देशों के बीच व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को और बढ़ावा देने के लिए अमेरिका की चार दिवसीय यात्रा पर गए थे। रक्षा मंत्री की यात्रा के दौरान वाशिंगटन में दो महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। दोनों पक्षों के वरिष्ठ रक्षा अधिकारियों ने सुरक्षा आपूर्ति समझौता ; एसओएसए यानि सिक्योरिटी ऑफ सप्लाई एग्रीमेंट और संपर्क अधिकारियों की नियुक्ति के संबंध में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। अमेरिका के रक्षा विभाग ने एक बयान में कहा कि एसओएसए समझौते के जरिए अमेरिका और भारत, राष्ट्रीय सुरक्षा को बढ़ावा देने वाली वस्तुओं और सेवाओं के लिए पारस्परिक समर्थन प्रदान करने पर सहमत हैं। इसके तहत दोनों देश राष्ट्रीय सुरक्षा आवश्यकताओं को पूरा करने के मद्देनजर अप्रत्याशित आपूर्ति श्रृंखला व्यवधानों को हल करने के लिए एक दूसरे से आवश्यक औद्योगिक संसाधन प्राप्त कर सकेंगे। अमेरिका अब तक यह समझौता 17 देशों के साथ कर चुका है। भारत 18वां देश है। गौरतलब यह है कि यह समझौता ऐसे समय हुआ है जब भारत के स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस के लिए अमेरिकी फर्म जनरल इलेक्ट्रिक से इंजन मिलने में देरी हो रही है।

संपर्क अधिकारियों की नियुक्ति के संबंध में जो समझौता हुआ है, उसके तहत दोनों देशों के बीच सहयोग बढ़ाने के लिए अधिकारियों की नियुक्ति की जाएगी। इस समझौते के तहत भारत इंडो-पैसिफिक कमांड फ्लोरिडा में विशेष ऑपरेशन कमांड व बहरीन में अमेरिकी नेतृत्व वाली बहुराष्ट्रीय संयुक्त समुद्री सेना में तीन कर्नल स्तर के अधिकारियों को नियुक्त करेगा। वैसे इस समझौते की औपचारिकता से पहले ही ऐसे अधिकारियों की तैनाती की जा चुकी है। अपने चार दिवसीय दौरे में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जैक सुलिवन से मुलाकात की। इस मुलाकात में भारत-अमेरिका के बीच चल रहे रक्षा औद्योगिक सहयोग प्रोजेक्ट्स, आज के समय की उभरती भू-राजनीतिक स्थिति एवं अन्य प्रमुख क्षेत्रीय सुरक्षात्मक मसलों पर चर्चा हुई। इससे पहले रक्षा मंत्री अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन से मुलाकात कर चुके थे। इस चर्चा में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बीते वर्ष भारत-अमेरिका रक्षा औद्योगिक सहयोग रोडमैप में पहचान किए गए क्षेत्रों में भारत में सह-विकास और सह-उत्पादन के अवसरों के संबंध में अधिक जोर दिया। इस अवसर पर पेंटागन द्वारा जारी किए गए बयान में कहा गया कि वे रक्षा औद्योगिक



सहयोग के लिए रोडमैप के तहत जेट इंजन, युद्ध सामग्री ग्राउण्ड मोबिलिटी सिस्टम तथा मानव रहित प्लेटफॉर्म सहित भारत की प्राथमिकता वाली सह-उत्पादन की परियोजनाओं को आगे बढ़ाने पर तैयार हो गए हैं।

जब रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जैक सुलिवन से मुलाकात कर रहे थे उसी दिन अमेरिका की बाइडेन सरकार ने वहां की संसद को एक नोटिफिकेशन के जरिए 443 करोड़ रुपये के रक्षा उपकरणों के डील की अनुमति प्रदान कर दी है। इस अनुमति के बाद एंटी-सबमरीन वॉरफेयर सोनोबॉय और उससे संबंधित उपकरण भारत को बेचने में कोई परेशानी नहीं होगी। बाद में रक्षा मंत्री राजनाथ व लॉयड ऑस्टिन के बीच पेंटागन में हुई व्यापक वार्ता के बाद अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने इस सौदे पर मुहर लगा दी। इस पनडुब्बीरोधी सामग्री से समुद्र में भारत की ताकत बढ़ेगी और चीन की साजिशों पर लगाम लगाने में मदद मिलेगी। सोनोबॉय से भारत की एमएच-60 आर हेलीकॉप्टरों से पनडुब्बीरोधी युद्ध संचालन की क्षमता बढ़ेगी। इसी वर्ष मार्च में भारत ने छह एमएच-60 आर हेलीकॉप्टरों का पहला स्क्वाड्रन तैयार किया था। भारत ने नौसैनिक हेलीकॉप्टर बेड़े को आधुनिक बनाने के उद्देश्य से 2020 में अमेरिका से 24 लॉकहीड मार्टिन-सिकोरस्की एमएच-60 आर बहुद्देश्यीय हेलीकॉप्टरों की खरीद का आर्डर दिया था। अमेरिका भारत को एएन-एसएसक्यू-53जी, एएन-एसएसक्यू-62एफ तथा एएन-एसएसक्यू-36 सोनाबॉय देगा।

सोनोबॉय तकनीक की खासियत यह है कि शत्रु की नजर में नहीं आता है और लक्ष्य को शीघ्र पता कर लेता है। इसकी तकनीक में लक्ष्य चाहे जितनी अधिक उंचाई पर हो या चाहे जितना नीचे हो, दोनों ही स्थितियों में लक्ष्य को खोजना आसान होता है। सोनोबॉय की लम्बाई तीन फुट और मोटाई पांच फुट होती है। इसको नौसेना के युद्धपोत या हेलीकॉप्टर से समुद्र में छोड़ा जाता है। यह रेडियो ट्रांसमीटर तथा हाइड्रोफोन की मदद से लक्ष्य को शीघ्रता से ढूंढ लेता है। निश्चित है कि इससे नौसेना की ताकत काफी बढ़ेगी। एंटी-सबमरीन वारफेयर सोनोबॉय एक प्रकार के सोनार उपकरण होते हैं जो समुद्र में पानी के अंदर शत्रु की पनडुब्बियों का पता लगाने के लिए प्रयोग में लाए जाते हैं। इन्हें हवाई जहाज या हेलीकॉप्टर से समुद्र में गिराया जाता है। पानी में नीचे पहुंचने के बाद ये ध्वनि तरंगों का उपयोग करके पनडुब्बियों की स्थिति का पता कर लेते हैं। इनका उपयोग नौसैनिक अभियानों में शत्रु की पनडुब्बियों को खोजने और उन्हें नष्ट करने के लिए किया जाएगा। इन विशेषताओं के कारण एंटी-सबमरीन वारफेयर सोनोबॉय नौसेना के लिए काफी महत्वपूर्ण उपकरण है। इनसे समुद्र में पनडुब्बियों की सुरक्षा भी मजबूत हो जाएगी। भारत ने अमेरिका से असॉल्ट राइफलें खरीदने का निर्णय लिया है।

इसी के तहत भारत ने अमेरिका की हथियार निर्माता कंपनी सिग सॉयर को 73000 सिग-716 असॉल्ट राइफलों का आर्डर दिया है। सिग सॉयर ने कहा कि उसे भारतीय सेना आधुनिकीकरण के प्रयासों में साझीदार बनने पर विशेष गर्व है। भारत ने पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ जारी सीमा विवाद के बीच यह कदम उठाया है। सिग-716 असॉल्ट राइफल की मारक क्षमता 500 मीटर है। इसकी बैरल की लम्बाई लगभग 16 इंच है। इसकी एक मैगजीन में 20 गोलियां लोड होंगी। यह प्रत्येक मिनट में 685 राउण्ड फायर करती है। 73000 सिग-716 असॉल्ट राइफलों के मिलने के बाद भारत के पास इनकी संख्या 145400 हो जाएगी। इन राइफलों को चीन व पाकिस्तान की लगती सीमाओं पर तैनाती के बाद सीमाओं पर भारतीय सेना और मजबूत हो जाएगी।

(लेखक सैन्य विज्ञान के प्राध्यापक रहे हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

हरितालिका तीज
डॉ. मोनिका शर्मा



# सांस्कृतिक विविधता को सहेजता लोकपर्व

स्त्रियां सामाजिक और पारिवारिक जीवन की धुरी कही जाती हैं। वे सम्बन्धों के निर्वहन के दायित्वबोध को पोसने और सांस्कृतिक थाती को सहेजने वाली सच्ची वाहक होती हैं। भारतीय संस्कृति के रंग बहुत से उत्सवों और अनुष्ठानों की बदौलत ही आज भी कायम हैं। विशेषकर लोक उत्सवों का जीवंत भाव तो महिलाओं की भागीदारी से ही बचा हुआ है। स्त्रियों के जीवन में परिवार और परम्पराओं की भूमिका बहुत अहम होती है। देखने में भी आता है कि आस्था का भाव हो या वास्तविक जीवन रिश्तों का जुड़ाव, महिलाएं बहुत कुछ साधे रखती हैं। हरितालिका तीज के पर्व पर भी सौभाग्य और परिवार की खुशहाली की कामना करते हुए महिलाएं पूरी व्यवस्था की कुशल कामना कर रही होती हैं।

भारतीय परिवेश में व्रत-त्योहार मनोभावों की अभिव्यक्ति का माध्यम भी हैं। यही वजह है कि अधिकतर लोकपर्व परिवार के जुड़ाव, सम्बन्धों की समरसता और समाज में सह-अस्तित्व को पोसने का भाव लिए हुए हैं। सुखद और सकारात्मक भावनाओं से जुड़े ऐसे उत्सव स्त्रीमन से गहराई से जुड़े होते हैं। दांपत्य जीवन में सुख-साथ बने रहने की कामना सदा से महिलाएं मन से कराती हैं। असल में स्त्रियों का यह भाव-चाव समग्र समाज को थामने वाली बुनियाद है। दुनिया के जिस हिस्से में भी परिवार की नींव कमजोर होती है, वहां समाज का ढांचा भी ढह जाता है। परिवार की पृष्ठभूमि को मजबूती देने के लिए दांपत्य जीवन में जुड़ाव, ठहराव और निभाव आवश्यक है। समझना कठिन नहीं कि हमारे यहां देश, समाज और परिवार का आधार बनने वाले वैवाहिक जीवन को क्यों इतना महत्वपूर्ण माना गया है? लोकरंग लिए बहुत से उत्सव और अनुष्ठान इस जुड़ाव को झांकी बनते हैं। सांस्कृतिक विविधता को सहेजने का माध्यम बने हुए हैं। हरितालिका तीज का उपवास में भी अपनों की खुशियों और हित चिंतन भाव दिखता है। दांपत्य जीवन की सुख-शांति के लिए इस विशेष पर्व पर महिलाएं प्रार्थना कर जीवनसाथी के आयुष्य और मंगल की कामना करती हैं। इतना ही नहीं स्त्रीमन की आस्था का हर पहलू पारिवारिक सुख समृद्धि से भी जुड़ा होता है। विवाहित जीवन में स्नेहपूरित भाव-चाव के प्रतीक इस पर्व को मनाते हुए स्त्रियों का हृदय भावनाओं और भावुकता से भरा होता है।



दरअसल, वैवाहिक जीवन औपचारिकताओं से परे होता है। अपनापन और स्नेह ही साझी जिंदगी का आधार बनता है। शिव-पार्वती के पावन और अटूट दांपत्य बंधन का पूजन कर परिवार में भी आपसी स्नेह और साथ बने रहने की कामना की जाती है। व्यावहारिक रूप से भी देखा जाए तो कुशल कामना के इस पावन भाव की नींव पर घर-परिवार की खुशहाली ही नहीं पूरी सामाजिक व्यवस्था की मजबूती भी टिकी है। उत्साह के साथ इस लोकपर्व को भाद्रपद माह की शुक्ल तृतीया को मुख्यतः छत्तीसगढ़, बिहार, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और मध्य प्रदेश में मनाया जाता है। यूपी और बिहार में महिलाएं इसे मुख्य तौर पर मनाती हैं। साथ ही दक्षिण भारत में तमिलनाडु, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में इस को पर्व गौरी हब्बा कहा जाता है। हरितालिका तीज को छत्तीसगढ़ में तीजा के रूप में जाना जाता है। वहीं महाराष्ट्र में गणेश उत्सव के ठीक एक दिन पहले आने वाले हरितालिका तीज को हरितालिका तृतीया व्रत के नाम मनाने का रिवाज है। महाराष्ट्र में भी उत्तरी भारत की तरह ही परंपरागत ढंग से शिव-गौरी के पूजन का यह अनुष्ठान किया जाता है। पौराणिक कथा के अनुसार इस पावन व्रत को सबसे पहले माता पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में पाने के लिए किया था। सुखद यह भी है कि आध्यात्मिक पक्ष के साथ ही हरितालिका तीज के पारंपरिक पर्व संग लोकरंग भी जुड़े हैं। जो इसे सही अर्थों में लोक उत्सव बनाते हैं। रिमझिम फुहारों की ऋतु में आने वाले इस पर्व पर स्त्रियां झूला झूलती हैं, लोकगीत गाती हैं। खुशियां साझा करती हैं। परंपरागत परिधान पहनती हैं। कहीं-कहीं लोकगीतों की धुन के साथ रातभर जागरण करने का भी रिवाज है। प्रकृति की हरी-भरी गोद में मनाया जाने वाला शिव-गौरी के पूजन का यह पर्व स्नेह भरे साथ को ही नहीं, प्रकृति को भी समर्पित है। लोक जीवन में रचे-बसे इस पर्व के स्त्रीमन को हर्षोल्लास समाज को जुड़ाव की सौगात देते हैं।

(लेखिका स्वतंत्र टिप्पणीकार व स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## योग के सभी सूत्र सुदृढ़ जीवन की आधारशिला



संकलित
दर्शन

योग प्राचीन काल से भारतीय आध्यात्मिक संचेतना का केंद्र रहा है। इसके आदिम सूत्रधार परमयोगी भगवान शिव हैं। योग शब्द का प्रयोग विभिन्न अर्थों में होता रहा है। समाधि अर्थ में इसका प्रयोग आत्मा और परमात्मा के मिलन के लिए किया जाता है, जब साधक अपनी साधना की चरमावस्था में परमात्मा से एकाकार होकर उसका साक्षात्कार कर लेता है। अग्निपुराण में भी मन एवं आत्मा तथा आत्मा और परमात्मा के संयोग को योग कहा गया। सांख्यदर्शन के अनुसार प्रकृति और पुरुष का भेद होने पर भी पुरुष का आत्मस्वरूप में स्थित हो जाना योग कहलाता है। कठोपनिषद् के अनुसार, जब इंद्रियां मन के साथ और मन अविचल बुद्धि के साथ स्थिर हो जाता है तो यह अवस्था योग की होती है। गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने 'योगः कर्मसु कौशलम' कहकर योग का जो स्वरूप अजरुन के समक्ष प्रस्तुत किया है वह सामान्य जन के सर्वाधिक निकट है। कोई भी मनुष्य एकाग्रचित्त होकर निष्काम भाव से कर्म करते हुए योग को सिद्ध कर सकता है। योगसूत्र के प्रणोता महर्षि पतंजलि संयमन अर्थ में चित्तवृत्तियों के निरोध को योग कहते हैं। उनके अनुसार यम, नियम, आसन, ध्यान, धारणा आदि आठ अंगों से संपन्न प्राणायाम की विविध क्रियाएं योग कहलाती हैं। इससे चित्त की एकाग्रता बढ़ती है। बुद्धि में स्थिरता आती है। चिंतन उत्कृष्ट होता है। मन में सद्विचारों का उदय होता है। नकारात्मक प्रवृत्तियां स्वतः समाप्त हो जाती हैं। परिणामतः आत्मिक और शारीरिक शक्तियों में वृद्धि होती है।

## पैसा, सेहत और ज्ञान से जुड़े कामों में देर न करें



संकलित
प्रेरणा

एक दिन श्रीकृष्ण उद्धव की भेंट हुई तो श्रीकृष्ण ने उद्धव को एक ब्राह्मण की कहानी सुनाई। श्रीकृष्ण ने बताया कि एक ब्राह्मण ने खेती और व्यापार करके खूब धन कमाया था। वह धनी था, वह बहुत ही कंजूस भी था। धन आया तो उसका मन गलत कामों में लग गया, वह लालची भी था। बुरी आदतों के साथ ही उसे अहंकार भी हो गया, बात-बात पर वह गुस्सा करने लगा। अपने मित्रों से और रिश्तेदारों से भी ठीक से व्यवहार नहीं करता था। ब्राह्मण के व्यवहार की वजह से उसके घर-परिवार के लोग और मित्र लोग दुखी रहने लगे। वह धनी था, लेकिन और धन कमाना चाहता था। कंजूस इतना था कि वह अपने ऊपर भी खर्च नहीं करता था, लेकिन समय के साथ धीरे-धीरे उसका धन खर्च होने लगा। कुछ धन उसके घर-परिवार वालों ने ही छीन लिया। कुछ चोरी हो गया। कुछ चीजें अपने आप नष्ट हो गईं। धनी ब्राह्मण का बुरा समय शुरू हुआ तो उसे व्यापार में भी नुकसान हो गया। इसी तरह कुछ ही दिनों में उसका पूरा धन बर्बाद हो गया। अब वह गरीब हो गया तो किसी ने उसकी मदद नहीं की। गरीबी के दिनों में उस ब्राह्मण को अपनी गलतियां याद आने लगीं। वह सोचने लगा कि उसने कभी भी किसी पर धन खर्च नहीं किया। घर-परिवार के लोगों से और मित्रों से बुरा व्यवहार किया। अब मेरी कोई मदद नहीं कर रहा है, ये सब मेरे ही कर्मों का फल है। मैंने कभी भी अपने धन का सही उपयोग नहीं किया।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**राष्ट्रीय पोषण सप्ताह का संदेश समझें**

एक सितंबर से सात सितंबर तक राष्ट्रीय पोषण सप्ताह मनाया जा रहा है। आम लोगों को खानपान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से मार्च 1975 में एडीए (अमेरिकन डायटेटिक एसोसिएशन), यानी अब न्यूट्रिशन और डाइट साइंस एकैडमी ने राष्ट्रीय पोषण सप्ताह मनाने की शुरुआत की थी। हमारे देश में इसकी शुरुआत वर्ष 1982 में हुई थी। हम खाने को जो मर्जी खा लें, लेकिन जो खाना हमारे शरीर के लिए उपयोगी न हो, या तरह तरह के स्वादिष्ट भोजन करने के बावजूद हमें कोई न कोई छोटी-बड़ी बीमारी परेशान करती रहती हो, तो हमें यह समझ लेना चाहिए कि हम जो कुछ खा रहे हैं, वो हमारे शरीर के लिए उचित नहीं है। बच्चों को अगर बचपन से ही संतुलित आहार दिया जाए तो वो जिंदगी भर बहुत सी जानलेवा बीमारियों से भी बच सकते हैं। *-कृष्णकुमार शर्मा, धमतरी*

### ट्रेंड

**मेरी हार्दिक बधाई**



पैरालिंपिक 2024 में पुरुष क्लब थ्रो F51 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने पर धरमबीर को मेरी हार्दिक बधाई। अपने शानदार प्रदर्शन से, आपने बाधाओं पर काबू पाने का रास्ता दिखाया है। देश को आप पर गर्व है.
-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

**उचित व्यवस्था की जाए**



यूपी के कुछ जिलों में जंगली जानवर, लोगों पर हमला कर रहे हैं। उसे रोकने के लिए सरकार जरूरी कदम उठाए। क्योंकि मजदूर व गरीब लोग, डर की वजह से अपने पशुओं के चारे का प्रबन्ध तथा मजदूरी भी नहीं कर पा रहे हैं। उनके लिए उचित व्यवस्था की जाए।
-मायावती, बसपा सुप्रीमो

**प्रोत्साहन के लिए आभारी**



उन लोगों को शिक्षक दिवस की बधाई जो न केवल हमें सबक सिखाते हैं बल्कि यह भी आकार देते हैं कि हम क्या बनेंगे। मेरे शिक्षकों और गुरुओं द्वारा दिए प्रोत्साहन और ज्ञान के हर शब्द के लिए हमेशा आभारी हूं। -सुरेश रैना, क्रिकेटर

**अपने अनुभव साझा करें**



युवा पीढ़ियों के साथ अपने अनुभव साझा करने से बेहतर कुछ नहीं। यही सबसे बड़ा आशीर्वाद है। छोटे बच्चों का एक प्रश्न आपको सचेत करता है और अधिक सीखता है। मैं एक बेहतर शिक्षक हूं। यह मुझे खुशहाल और जीने लायक बनाता है।
-सुभाष घई, फिल्म निर्देशक

### करंट अफेयर

## प्लास्टिक कचरा पैदा करने में भारत दुनिया में सबसे आगे



प्लास्टिक का कचरा पैदा करने के मामले में भारत दुनिया में सबसे आगे है और प्रति वर्ष एक करोड़ दो लाख टन कचरा पैदा करता है जो अन्य बड़े प्रदूषक देशों की तुलना में दोगुने से भी अधिक है। एक नए अध्ययन में यह जानकारी दी गई है। ब्रिटेन में लीड्स विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं के अनुसार, दुनिया हर साल पांच करोड़ 70 लाख टन प्लास्टिक प्रदूषण पैदा करती है जो सबसे गहरे महासागरों से लेकर सबसे ऊंचे पहाड़ों की चोटियों और लोगों के शरीर तक में फैल गया है। अध्ययन में यह भी कहा गया है कि इस प्रदूषण का दो-तिहाई से अधिक हिस्सा अल्प विकसित एवं विकासशील देश से आता है। शोधकर्ताओं के अनुसार, हर साल इतना प्रदूषण होता है कि न्यूयॉर्क शहर के 'सेंट्रल पार्क' में प्लास्टिक कचरे का पहाड़ 'एम्पायर स्टेट बिल्डिंग' जितना ऊंचा हो सकता है। अध्ययन में उस प्लास्टिक को शामिल किया गया है जो खुले वातावरण में फेंका जाता हैं। इसमें उस प्लास्टिक कचरे को शामिल नहीं किया गया है जो 'लैंडफिल' में जाता है या जिसे उचित तरीके से जला दिया जाता है। अध्ययन के लेखकों ने कहा कि सरकार कचरे को इकट्ठा करने और उसका निपटान करने में विफल रहती है और यही एक बड़ा कारण है कि दक्षिण-पूर्व एशिया और उप-सहारा अफ्रीका में सबसे अधिक प्लास्टिक कचरा पैदा होता है।

### ऑफ बीट

## दुनिया की लगभग आधी भाषा विविधता खतरे में



दुनिया में 7,000 से अधिक भाषाएँ हैं, और उनके व्याकरण में बहुत भिन्नता है। भाषाविद् इस भिन्नता में दिलचस्पी रखते हैं क्योंकि इसके आधार पर वह हमें हमारे इतिहास, हमारी संज्ञानात्मक क्षमताओं और मानव होने का अर्थ बताते हैं। लेकिन इस महान विविधता को खतरा है क्योंकि बहुत सी भाषाएं बच्चों को नहीं सिखाई जा रही हैं और वह खत्म होती जा रही हैं। साइंस एडवांसेज में प्रकाशित एक नए पेपर में, हमने ग्रामबैंक नाम से भाषा व्याकरण का एक व्यापक डेटाबेस लॉन्च किया है। इस संसाधन के साथ, हम भाषा के बारे में कई शोध प्रश्नों का उत्तर दे सकते हैं और देख सकते हैं कि यदि संकट को रोका नहीं गया तो हम कितनी व्याकरणिक विविधता खो सकते हैं। हमारे निष्कर्ष खतरनाक हैं: हम भाषाएं खो रहे हैं, हम भाषा विविधता खो रहे हैं, और जब तक हम कुछ नहीं करते, हमारे सामूहिक इतिहास के ये झरोखे बंद हो जाएंगे। व्याकरण क्या है? किसी भाषा का व्याकरण नियमों का वह समूह है जो यह निर्धारित करता है कि उस भाषा में कौन सा वाक्य है और क्या अस्पष्ट है। उदाहरण के लिए, अंग्रेजी में काल अनिवार्य है। किन्हीं शब्दों को एक अच्छे वाक्य में संयोजित करने के लिए, मुझे एक समय इंगित करना होगा।

**अपने विचार**
(2) ऑनलाईन आवेदन के साथ ही संस्था का चयन भी करे, क्योंकि संस्था चयन (Choice) हेतु अतिरिक्त समय नहीं दिया जायेगा।
(3) यदि ऑनलाईन आवेदन पूर्ण करने के बाद Lock & Submit भी कर चुके है, तथा ऑनलाईन आवेदन में परिवर्तन करना चाहते है तो, परिवर्तन हेतु एडीट (Edit) शुल्क रु. 1000/- (रू. एक हजार मात्र) जमा कर, ऑनलाईन आवेदन की अंतिम तिथि तक परिवर्तन कर सकेंगे। आवेदन में Edit Option का लाभ लेने पर भी आपके द्वारा दिये गये ई-मेल एवं मोबाईल नं. अपरिवर्तनीय होगा।
(4) स्क्रूटनी एवं प्रवेश प्रक्रिया हेतु छत्तीसगढ़ नर्सिंग पाठ्यक्रम प्रवेश नियम 2019 के नियम 9 (बीस) का दस्तावेज सूची का अवलोकन करें तथा ऑन-लाईन आवेदन की अंतिम तिथि तक सभी आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध रखें (देखें छत्तीसगढ़ नर्सिंग पाठ्यक्रम प्रवेश नियम 2019 नियम 9 (बीस))।
(5) ऑनलाईन आवेदन में कोई भी त्रुटि (जैसेः- अपूर्ण आवेदन/ पंजीयन फीस का गेटवे (Bank Gateway) से जमा न होना इत्यादि) होने पर आप अपात्र हो जाते है। अतः ऑनलाईन आवेदन की अंतिम तिथि से 24 घण्टे पूर्व कार्यवाही करना एक सुरक्षित प्रक्रिया है।
(6) शुल्क जमा हेतु Credit Cards / Internet Banking / Debit Card ही मान्य होगें तथा अतिरिक्त शुल्क जमा होने पर रिफण्ड जमाकर्ता खाते में ही वापस किया जा सकेगा। किसी अन्य खाते में स्थानांतरण नहीं किया जा सकेगा।
(7) प्रथम काउंसिलिंग में आबंटित अभ्यर्थियों को संवीक्षा कराना एवं पात्र होना आवश्यक है तथा शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय में प्रवेश लेना अनिवार्य होगा अन्यथा अपात्र हो जायेंगे (देखें छत्तीसगढ़ नर्सिंग पाठ्यक्रम प्रवेश नियम 2019 के नियम 9 (नौ))
(8) ऑनलाईन आवेदन पश्चात आगामी कार्यवाही हेतु काउंसिलिंग शेड्यूल (Counselling Schedule) का अवलोकन करे।

**नोट :-**
1/ उपरोक्त सूचना में नियम की महत्वपूर्ण जानकारी दी गई किन्तु सम्पूर्ण प्रवेश प्रक्रिया नियम हेतु "छत्तीसगढ़ नर्सिंग पाठ्यक्रम प्रवेश नियम 2019 एवं संशोधन दिनांक 31 जनवरी, 2022 (02 फरवरी, 2022)" का अवलोकन करें।
2 / काउंसिलिंग से संबंधित जानकारी हेतु वेबसाईट www.cgdme.in का नियमित अवलोकन करें।
3/ आवेदन में Edit Option का लाभ लेने पर भी आपके द्वारा दिये गये ई-मेल एवं मोबाईल नं. अपरिवर्तनीय होगा।
4/ आवेदन शुल्क का भुगतान अंतिम तिथि से कम से कम 36 घण्टे पूर्व कर दें, चूंकि बैंक गेटवे इत्यादि संबंधित जटिलताओं से कई बार ऑनलाईन किये गये भुगतान का क्लीयरेन्स (clearance) 24 घण्टे ले लेता है। अन्यथा समय-सीमा में आवेदन करने हेतु दो बार ऑनलाईन आवेदन शुल्क जमा करना पड़ता है, यद्यपि अतिरिक्त पंजीयन शुल्क यदि उपरोक्त उल्लेखित जटिलताओं के कारण जमा हो जाता है तो, यह राशि वापसी योग्य है।
5/ सभी निजी नर्सिंग महाविद्यालय का आबंटन भी संचालक चिकित्सा शिक्षा द्वारा गठित समिति द्वारा किया जायेगा। अतः प्रवेश संबंधित कार्यवाही हेतु किसी व्यक्ति / संस्था के धोखे में नहीं फंसे।

अध्यक्ष,
काउंसिलिंग समिति,
संचालनालय चिकित्सा शिक्षा

संचालक
चिकित्सा शिक्षा छत्तीसगढ़

## कार्यालय आयुक्त, चिकित्सा शिक्षा

स्वास्थ्य भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, नवा रायपुर अटल नगर, छ.ग. वेबसाईट www.cgdme.in

क्रमांक/8123/संचिशि/नर्सिंग-छात्र/2024 रायपुर, दिनांक 05.09.24

### वर्ष 2024 पोस्ट बेसिक डिप्लोमा इन साईकियाट्रिक नर्सिंग (Post Basic Diploma in Psychiatric Nursing) एक वर्षीय पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन सूचना

प्रवेश वर्ष 2024 में प्रदेश के शासकीय एवं निजी नर्सिंग महाविद्यालय में संचालित डिप्लोमा इन साईकियाट्रिक नर्सिंग (Post Basic Diploma in Psychiatric Nursing) एक वर्षीय पाठ्यक्रम, में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थियों से ऑनलाईन आवेदन निम्न समय-सारिणी अनुसार आमंत्रित किये जाते हैः-

| क्र. | प्रक्रिया का विवरण | विवरण |
|---|---|---|
| 1 | ऑनलाईन आवेदन शुल्क | अनारक्षित (UR) एवं अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) – राशि रू. 1000/- अनुसूचित जाति (SC) एवं अनुसूचित जनजाति (ST) – राशि रू. 500/- |
| 2 | ऑनलाईन आवेदन में त्रुटि होने पर संशोधन शुल्क (Edit Fee) का भुगतान, कर संशोधन ( Edit ) किया जा सकता है (आवेदन की अंतिम तिथि तक ) | राशि रू. 1000/- (रु. एक हजार मात्र) |
| 3 | ऑनलाईन आवेदन प्रारंभ तिथि | दिनांक 07.09.2024, प्रातः 11:00 बजे (11:00 Hrs) से |
| 4 | ऑनलाईन आवेदन अंतिम तिथि | दिनांक 12.09.2024 सायं 05:00 बजे (17:00 Hrs) तक |

काउंसिलिंग, आबंटन एवं प्रवेश संबंधित समस्त जानकारी संचालनालय चिकित्सा शिक्षा की वेबसाईट www.cgdme.in में उपलब्ध कराई जायेगी। आवेदक वेबसाईट www.cgdme.in का नियमित अवलोकन कर जानकारी प्राप्त करें।

**ऑनलाईन पंजीयन आवश्यक जानकारीः-**

(1) ऑनलाईन आवेदन करने के पूर्व छत्तीसगढ़ नर्सिंग पाठ्यक्रम प्रवेश नियम 2019 एवं संशोधन दिनांक 02 फरवरी, 2022 का पूर्णतः अध्ययन करके ही प्रक्रिया में सम्मिलित हों, विशेषकर आरक्षण / काउंसिलिंग प्रक्रिया / बॉण्ड इत्यादि।
(2) ऑनलाईन आवेदन के साथ ही संस्था का चयन भी करे, क्योंकि संस्था चयन (Choice) हेतु अतिरिक्त समय नहीं दिया जायेगा।
(3) यदि ऑनलाईन आवेदन पूर्ण करने के बाद Lock & Submit भी कर चुके है, तथा ऑनलाईन आवेदन में परिवर्तन करना चाहते है तो, परिवर्तन हेतु एडीट (Edit) शुल्क रू. 1000/- (रू. एक हजार मात्र) जमा कर, ऑनलाईन आवेदन की अंतिम तिथि तक परिवर्तन कर सकेंगे। आवेदन में Edit Option का लाभ लेने पर भी आपके द्वारा दिये गये ई-मेल एवं मोबाईल नं. अपरिवर्तनीय होगा।
(4) स्क्रूटनी एवं प्रवेश प्रक्रिया हेतु छत्तीसगढ़ नर्सिंग पाठ्यक्रम प्रवेश नियम 2019 के नियम 9 (बीस) का दस्तावेज सूची का अवलोकन करें तथा ऑन-लाईन आवेदन की अंतिम तिथि तक सभी आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध रखें (देखेंः छत्तीसगढ़ नर्सिंग पाठ्यक्रम प्रवेश नियम 2019 नियम 9 (बीस))।
(5) ऑनलाईन आवेदन में कोई भी त्रुटि (जैसे :- अपूर्ण आवेदन / पंजीयन फीस का गेटवे (Bank Gateway) से जमा न होना इत्यादि) होने पर आप अपात्र हो जाते है। अतः ऑनलाईन आवेदन की अंतिम तिथि से 24 घण्टे पूर्व कार्यवाही करना एक सुरक्षित प्रक्रिया है।
(6) शुल्क जमा हेतु Credit Cards / Internet Banking / Debit Card ही मान्य होगें तथा अतिरिक्त शुल्क जमा होने पर रिफण्ड जमाकर्ता खाते में ही वापस किया जा सकेगा। किसी अन्य खाते में स्थानांतरण नहीं किया जा सकेगा।
(7) प्रथम काउंसिलिंग में आबंटित अभ्यर्थियों को संवीक्षा कराना एवं पात्र होना आवश्यक है तथा शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय में प्रवेश लेना अनिवार्य होगा अन्यथा अपात्र हो जायेंगे (देखें : छत्तीसगढ़ नर्सिंग पाठ्यक्रम प्रवेश नियम 2019 के नियम 9 (नौ))।
(8) ऑनलाईन आवेदन पश्चात आगामी कार्यवाही हेतु काउंसिलिंग शेड्यूल (Counselling Schedule) का अवलोकन करे।

**नोट :-**
1. उपरोक्त सूचना में नियम की महत्वपूर्ण जानकारी दी गई किन्तु सम्पूर्ण प्रवेश प्रक्रिया नियम हेतु "छत्तीसगढ़ नर्सिंग पाठ्यक्रम प्रवेश नियम 2019 एवं संशोधन दिनांक 31 जनवरी, 2022 (02 फरवरी, 2022)" का अवलोकन करें।
2. काउंसिलिंग से संबंधित जानकारी हेतु वेबसाईट www.cgdme.in का नियमित अवलोकन करें।
3. आवेदन में Edit Option का लाभ लेने पर भी आपके द्वारा दिये गये ई-मेल एवं मोबाईल नं. अपरिवर्तनीय होगा।
4. आवेदन शुल्क का भुगतान अंतिम तिथि से कम से कम 36 घण्टे पूर्व कर दें, चूंकि बैंक गेटवे इत्यादि संबंधित जटिलताओं से कई बार ऑनलाईन किये गये भुगतान का क्लीयरेन्स (clearance) 24 घण्टे ले लेता है। अन्यथा समय-सीमा में आवेदन करने हेतु दो बार ऑनलाईन आवेदन शुल्क जमा करना पड़ता है, यद्यपि अतिरिक्त पंजीयन शुल्क यदि उपरोक्त उल्लेखित जटिलताओं के कारण जमा हो जाता है तो, यह राशि वापसी योग्य है।
5. सभी निजी नर्सिंग महाविद्यालय का आबंटन भी आयुक्त, चिकित्सा शिक्षा द्वारा गठित समिति द्वारा किया जायेगा। अतः प्रवेश संबंधित कार्यवाही हेतु किसी व्यक्ति / संस्था के धोखे में नहीं फंसे।

अध्यक्ष,
काउंसिलिंग समिति,
संचालनालय चिकित्सा शिक्षा

संचालक
चिकित्सा शिक्षा छत्तीसगढ़

## कार्यालय आयुक्त, चिकित्सा शिक्षा छत्तीसगढ़

स्वास्थ्य भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, नवा रायपुर अटल नगर, छ.ग.
वेबसाईट www.cgdme.in

क्रमांक/ 8123 /संचिशि/नर्सिंग-छात्र/2024 रायपुर, दिनांक / 05.09.24

### वर्ष 2024 बीएससी नर्सिंग (B.Sc. Nursing) पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन सूचना

प्रवेश वर्ष 2024 में प्रदेश के शासकीय एवं निजी नर्सिंग महाविद्यालयों में संचालित बीएससी नर्सिंग पाठ्यक्रम (B.Sc. Nursing), में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थियों से ऑनलाईन आवेदन निम्न समय-सारिणी अनुसार आमंत्रित किये जाते है

| क्र. | प्रक्रिया का विवरण | विवरण |
|---|---|---|
| 1 | **ऑनलाईन आवेदन शुल्क** | अनारक्षित (UR) एवं अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) राशि रू. 1000/- अनुसूचित जाति (SC) एवं अनुसूचित जनजाति (ST) – राशि रू. 500/- |
| 2 | ऑनलाईन आवेदन में त्रुटि होने पर संशोधन शुल्क (Edit Fee) का भुगतान कर, संशोधन Edit) किया जा सकता है (आवेदन की अंतिम तिथि तक)। | राशि रू. 1000/- (रु. एक हजार मात्र) |
| 3 | **ऑनलाईन आवेदन – प्रारंभ तिथि** | **दिनांक 07.09.2024, प्रातः 11:00 बजे (11:00 Hrs) से** |
| 4 | **ऑनलाईन आवेदन – अंतिम तिथि** | **दिनांक 12.09.2024 सायं 05:00 बजे (17:00 Hrs) तक** |

काउंसिलिंग, आबंटन एवं प्रवेश संबंधित समस्त जानकारी संचालनालय चिकित्सा शिक्षा की वेबसाईट www.cgdme.in में उपलब्ध कराई जायेगी। आवेदक वेबसाईट www.cgdme.in का नियमित अवलोकन कर जानकारी प्राप्त करें।

**ऑनलाईन पंजीयन आवश्यक जानकारीः-**

(1) ऑनलाईन आवेदन करने के पूर्व छत्तीसगढ़ नर्सिंग पाठ्यक्रम प्रवेश नियम 2019 एवं संशोधन दिनांक 02 फरवरी, 2022 का पूर्णतः अध्ययन करके ही प्रक्रिया में सम्मिलित हों, विशेषकर आरक्षण / काउंसिलिंग प्रक्रिया / बॉण्ड इत्यादि।
(2) ऑनलाईन आवेदन के साथ ही संस्था का चयन भी करे, क्योंकि संस्था चयन (Choice) हेतु अतिरिक्त समय नहीं दिया जायेगा।
(3) यदि ऑनलाईन आवेदन पूर्ण करने के बाद Lock & Submit भी कर चुके है, तथा ऑनलाईन आवेदन में परिवर्तन करना चाहते है तो, परिवर्तन हेतु एडीट (Edit ) शुल्क रू. 1000/- (रु. एक हजार मात्र) जमा कर, ऑनलाईन आवेदन की अंतिम तिथि तक परिवर्तन कर सकेंगे। आवेदन में Edit Option का लाभ लेने पर भी आपके द्वारा दिये गये ई-मेल एवं मोबाईल नं. अपरिवर्तनीय होगा।
(4) स्क्रूटनी एवं प्रवेश प्रक्रिया हेतु छत्तीसगढ़ नर्सिंग पाठ्यक्रम प्रवेश नियम 2019 के नियम 9 (बीस) का दस्तावेज सूची का अवलोकन करें तथा ऑन-लाईन आवेदन की अंतिम तिथि तक सभी आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध रखें (देखेंः छत्तीसगढ़ नर्सिंग पाठ्यक्रम प्रवेश नियम 2019 नियम 9 (बीस))।
(5) ऑनलाईन आवेदन में कोई भी त्रुटि (जैसे :- अपूर्ण आवेदन/ पंजीयन फीस का गेटवे (Bank Gateway) से जमा न होना इत्यादि) होने पर आप अपात्र हो जाते है। अतः ऑनलाईन आवेदन की अंतिम तिथि से 24 घण्टे पूर्व कार्यवाही करना एक सुरक्षित प्रक्रिया है।
(6) शुल्क जमा हेतु Credit Cards / Internet Banking / Debit Card ही मान्य होगें तथा अतिरिक्त शुल्क जमा होने पर रिफण्ड जमाकर्ता खाते में ही वापस किया जा सकेगा। किसी अन्य खाते में स्थानांतरण नहीं किया जा सकेगा।
(7) प्रथम काउंसिलिंग में आबंटित अभ्यर्थियों को संवीक्षा कराना एवं पात्र होना आवश्यक है तथा शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय में प्रवेश लेना अनिवार्य होगा अन्यथा अपात्र हो जायेंगे (देखें : छत्तीसगढ़ नर्सिंग पाठ्यक्रम प्रवेश नियम 2019 के नियम 9 (नौ))।
(8) ऑनलाईन आवेदन पश्चात आगामी कार्यवाही हेतु काउंसिलिंग शेड्यूल (Counselling Schedule) का अवलोकन करे।

**नोट :-**
1/ उपरोक्त सूचना में नियम की महत्वपूर्ण जानकारी दी गई किन्तु सम्पूर्ण प्रवेश प्रक्रिया नियम हेतु "छत्तीसगढ़ नर्सिंग पाठ्यक्रम प्रवेश नियम 2019 एवं संशोधन दिनांक 31 जनवरी, 2022 (02 फरवरी, 2022)" का अवलोकन करें।
2/ काउंसिलिंग से संबंधित जानकारी हेतु वेबसाईट www.cgdme.in का नियमित अवलोकन करें।
3/ आवेदन में Edit Option का लाभ लेने पर भी आपके द्वारा दिये गये ई-मेल एवं मोबाईल नं. अपरिवर्तनीय होगा।
4/ आवेदन शुल्क का भुगतान अंतिम तिथि से कम से कम 36 घण्टे पूर्व कर दें, चूंकि बैंक गेटवे इत्यादि संबंधित जटिलताओं से कई बार ऑनलाईन किये गये भुगतान का क्लीयरेन्स (clearance) 24 घण्टे ले लेता है। अन्यथा समय-सीमा में आवेदन करने हेतु दो बार ऑनलाईन आवेदन शुल्क जमा करना पड़ता है, यद्यपि अतिरिक्त पंजीयन शुल्क यदि उपरोक्त उल्लेखित जटिलताओं के कारण जमा हो जाता है तो, यह राशि वापसी योग्य है।
5/ सभी निजी नर्सिंग महाविद्यालय का आबंटन भी संचालक चिकित्सा शिक्षा द्वारा गठित समिति द्वारा किया जायेगा। अतः प्रवेश संबंधित कार्यवाही हेतु किसी व्यक्ति / संस्था के धोखे में नहीं फंसे।

अध्यक्ष,
काउंसिलिंग समिति,
संचालनालय चिकित्सा शिक्षा

संचालक
चिकित्सा शिक्षा छत्तीसगढ़

जानकारी / शिखर चंद जैन

बच्चों, संग्रहालय यानी म्यूजियम ऐसी जगह होती है, जहां उन वस्तुओं का संग्रहण और संरक्षण किया जाता है, जो कला, संस्कृति, इतिहास या विज्ञान की दृष्टि से महत्वपूर्ण होती हैं। हम यहां तुम्हें दुनिया के कुछ प्रसिद्ध संग्रहालयों के बारे में जानकारी दे रहे हैं, जो अपनी संग्रहित सामग्री के लिए ही नहीं, अपने अनोखे ढंग से बने भवन के लिए भी प्रसिद्ध हैं।

# संस्कृति, शिल्प और अतीत को सहेजते ये अनोखे म्यूजियम्स



## उड़नतश्तरी जैसा नीटेरोई कंटेंपररी आर्ट म्यूजियम

**ब्राजील के** रियो डी जनेरियो प्रांत के नीटेरोई शहर में मौजूद यह म्यूजियम देखने में एक विशाल उड़नतश्तरी जैसा या सफेद रंग के थाल जैसा नजर आता है। इसे 'मैक' के नाम से भी जाना जाता है। 1996 में बनकर तैयार हुआ यह म्यूजियम समुद्र तट पर एक विशाल चट्टान के नजदीक निर्मित है। इसका भवन 16 मीटर ऊंचा है, जिसके गुंबद का व्यास 50 मीटर है। यह भवन तीन मंजिला है। यहां कला प्रेमी जोआओ सत्तामिनी की 1217 कृतियों का निजी संग्रह है। यह संग्रह 1950 के दशक से सत्तामिनी के द्वारा एकत्रित किया गया, जो ब्राजील में समकालीन कला का दूसरा सबसे बड़ा संग्रह है। इसके एग्जिबिशन हॉल में संग्रहित वस्तुओं को एक बार में 60 लोग देख सकते हैं। यहां से गुआनाबारा खाड़ी, रियो डी जनेरियो और सुगरलॉफ पर्वत को आसानी से देखा जा सकता है। *

## म्यूजिक-साइंस-फैशन का म्यूजियम ऑफ पॉप कल्चर



**म्यूजिक के** पॉप कल्चर को समर्पित यह म्यूजियम अमेरिका के सिएटल में स्थित है। इसकी शुरुआत संगीत को समर्पित म्यूजियम के रूप में हुई थी। पहले इसका नाम 'एक्सपीरियंस म्यूजिक प्रोजेक्ट' था। इसमें सिएटल के नागरिक और रॉक की दुनिया के महानतम गिटार वादक जिमी हेंड्रिक्स से जुड़ी सामग्री और स्मृतियों को संजोया गया था। इस म्यूजियम को मशहूर शिल्पी फ्रैंक गैरी ने एक टूटे या कुचले हुए गिटार के रूप में डिजाइन किया था। आगे चलकर इसमें साइंस फिक्शन म्यूजियम और हॉल आफ फेम विभाग भी जोड़े गए। यहां म्यूजिक के साथ-साथ विज्ञान कथाओं से जुड़ी सामग्री भी रखी गई है। साल 2016 में इसे फिर से एक नए रूप में पेश करते हुए इसका नाम 'म्यूजिक ऑफ पॉप कल्चर' रखा गया। यहां म्यूजिक, साइंस फिक्शन, फेंटेसी, हॉरर, फैशन, वीडियो गेम्स सब कुछ एक छत के नीचे उपलब्ध है। *

## मशरूम जैसा मेट्रोपोल पैरासोल म्यूजियम



**स्पेन के** सेविले में ला इंकार्नेशन स्क्वायर पर स्थित मेट्रोपोल पैरासोल काठ से बना दुनिया का सबसे बड़ा स्ट्रक्चर है। डिजाइन के मामले में भी यह दुनिया की सबसे अनोखी इमारतों में से एक है। स्पेन का यह संग्रहालय मशरूम जैसा दिखता है, इसलिए यहां के लोग इसे 'लास सेटास' कहते हैं, जिसका अर्थ है, मशरूम। इस म्यूजियम की अनोखी इमारत को 8000 काठ के टुकड़ों को आपस में ग्लू और स्टील के माध्यम से जोड़कर बनाया गया है। 'मेट्रोपोल पैरासोल' का अर्थ है 'शहर का छाता'। इस इमारत पर मधुमक्खी के छत्ते जैसी कैनोपी हैं। इस म्यूजियम में प्राचीन रोमन और उत्तरी पश्चिमी अफ्रीका की कलाकृतियों को सहेजा गया है। इस म्यूजियम का निर्माण साल 2011 में किया गया था। *

## गीजा के पिरामिड जैसा लोअरे म्यूजियम



**फ्रांस के** पेरिस में स्थित पिरामिड की आकृति का लोअरे म्यूजियम स्थापत्य और शिल्प कला की दृष्टि से दुनिया के सबसे बेहतरीन और अनूठे म्यूजियम्स में से एक है। इसकी डिजाइन चीनी, अमेरिकी आर्किटेक्ट आई एम पेई ने तैयार की है। इसकी आकृति हूबहू गीजा के विश्व प्रसिद्ध पिरामिड जैसी है। हाल ही में इसका रिनोवेशन हुआ है, इसे कांच और स्टील की मदद से नया आकर्षक रूप दिया गया है। साथ ही इसमें अंडरग्राउंड गैलरियां भी बनाई गई हैं। यहां एक से एक बढ़कर ऐतिहासिक और समकालीन कलाकृतियां और संस्कृति से जुड़ी मेमोरीज संजोई गई हैं। *

## हर एंगल से अलग दिखता है गुगेनहिम म्यूजियम

**स्पेन के** बिलबाओ में नर्विन नदी के किनारे स्थित गुगेनहिम म्यूजियम किसी लंगर डाले हुए जहाज जैसा दिखता है। इसकी अद्भुत डिजाइन मशहूर आर्किटेक्ट फ्रैंक ओ गैरी के हाथों और उनकी कल्पनाशक्ति का ही कमाल है। इस चमकते-दमकते खूबसूरत संग्रहालय के निर्माण में शीशे, टाइटेनियम और लाइमस्टोन का प्रयोग किया गया है। इसे देखने के नजरिए और कोण के हिसाब से किसी को यह एक विशाल फूल जैसा, तो किसी को नौका जैसा दिखता है। ऊपर से देखा जाए तो यह एक विशालकाय फूल जैसा और किनारे से देखा जाए तो शिप जैसा दिखता है। यह पर्यटकों के आकर्षण का एक केंद्र है। यह म्यूजियम स्पेन की पहचान बन चुका है। *



## कई मामलों में अनूठा है कोलकाता का इंडियन म्यूजियम



**भारत के** कोलकाता में स्थित इंडियन म्यूजियम कई मायनों में आम म्यूजियम्स से बहुत अलग है। इसे स्थानीय लोगों द्वारा अजायबघर या जादूघर भी कहा जाता है। 1814 में बना यह म्यूजियम भारत का सबसे पुराना म्यूजियम है। यहां कई कलाकृतियां तो 2000 साल पुरानी हैं। इनमें प्रागैतिहासिक काल के भारत के सांस्कृतिक इतिहास को समेटा गया है। इस इंडियन म्यूजियम में कई खंडों में विविध विषयों, जैसे-इतिहास, कला, पुरातत्व, जंतु शास्त्र, वनस्पति शास्त्र और अन्य कई विषयों से जुड़ी सामग्रियां देखी जा सकती हैं। इस म्यूजियम में सिंधु घाटी की सभ्यता के अवशेष से लेकर मिस्र की ममीज तक देखी जा सकती हैं। *

## जीके क्विज-119

1. पेरिस पैरालंपिक 2024 में किस भारतीय महिला निशानेबाज ने 10 मीटर एयर राइफल इवेंट में गोल्ड मेडल जीता?
2. हाल में ही किस परमाणु पनडुब्बी को भारतीय नौसेना में शामिल किया गया?
3. हाल ही में देश के पहले अंडरग्राउंड संग्रहालय का उद्घाटन कहां हुआ है?
4. महाराष्ट्र में गणपति उत्सव मनाने की शुरुआत किसने की थी?
5. वर्तमान समय में दिल्ली के उप राज्यपाल कौन हैं?
6. एल्युमीनियम उत्पादन में भारत का विश्व में कौन-सा स्थान है?
7. खेल दिवस किसके जन्म दिवस पर मनाया जाता है?
8. मानव शरीर में आमतौर पर कितने प्रतिशत पानी होता है?
9. भारत में पहली बार मेट्रो रेल सेवा किस नगर में आरंभ हुई थी?
10. अंतरिक्ष यात्री को बाहरी आकाश कैसा दिखाई देता है?



बच्चों, जीके क्विज-119 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-118 का उत्तर :** 1. हरियाणा और जम्मू कश्मीर, 2.गणतंत्र मंडप, 3.टेनिस, 4.यूएसए, 5.सर्वपल्ली राधाकृष्णन, 6.न्यूमिसमेटिक्स, 7.उत्तर प्रदेश, 8.पेरिस, 9.नील नदी, 10.मासिनराम

**जीके क्विज-118 का सही उत्तर देने वाले :** प्रशांत-बालोद, कबीर-हिसार, चेतन-बालोद, मानवी मधुकर-बिलासपुर, काव्या-रायपुर, शुभम-बलौदा बाजार, पुष्पराज-बिलासपुर, शुभम-बिलासपुर, बी. आकांक्षा-अहमदाबाद, बी. ईशान-अहमदाबाद, आर्यन-रोहतक, हर्ष-रोहतक, सौम्या-बस्तर, दिव्या-इंदौर

## हंसगुल्ले

**डॉक्टर :** बेटा, तुम्हें क्या तकलीफ है?
**पिंटू :** डॉक्टर अंकल, मेरे सिर में अक्सर दर्द रहता है।
**डॉक्टर :** अच्छा! तो हमें सीटी स्कैन करना पड़ेगा।
**पिंटू :** अरे! मेरे सिर दर्द के लिए आप पूरी सिटी (शहर) का स्कैन क्यों करेंगे?
-आकाश, रायपुर

**टीचर :** बच्चों, तुम्हें स्कूल से सीधा घर जाना चाहिए।
**मोनू :** लेकिन सर, मैं स्कूल से सीधा घर नहीं जा सकता, क्योंकि मुझे रास्ते में तीन बार मुड़ना पड़ता है।
-भावना, दुर्ग

**टीचर :** जब कोई तुम्हारी बुराई करे, तो एक कान से सुनकर दूसरे से निकाल दो।
**पिंकी :** मैम, मैं दोनों कानों से सुनती हूं। बस आप यह बता दीजिए कि किस कान से सुनना है, किससे निकालना है?
-यश, हिसार

कहानी
अशोक जोशी

क्लास में एकाएक बच्चों के कंपास बॉक्स चोरी होने लगे। बच्चों ने जब टीचर जी से इसकी शिकायत की तो उन्होंने जादुई पर्चियों के सहारे कंपास बॉक्स चोरी करने वाले बच्चे की पहचान कर ली। लेकिन वह बच्चा किसी की नजर से गिरे नहीं और सुधर जाए, इसलिए क्लास में उस बच्चे का नाम टीचरजी ने बताया नहीं। लेकिन जादुई पर्चियों का मामला क्या था?

# जादू की पर्चियां



पिछले एक सप्ताह से स्कूल की छठी कक्षा में एक अजीबो-गरीब घटना हो रही थी। लंच ब्रेक में जब बच्चे अपना स्कूल बैग क्लास में छोड़कर कैंटीन में जाते तो वापस आने पर किसी ना किसी बच्चे के बैग से कंपास बॉक्स गायब मिलता। इस घटना से सभी बच्चे परेशान थे।

एक रोज लंच ब्रेक के बाद टीचरजी क्लास में आए तो संकल्प ने उन्हें बताया, 'सर, आज मेरा कंपास बॉक्स गायब है।'

'तुम्हें ठीक से याद तो है ना कि तुम घर से कंपास बॉक्स लेकर आए थे?' टीचर जी ने पूछा।

'हां सर, कल ही पापा ने नया कंपास बॉक्स दिलवाया था। उस पर जंगल बुक की पिक्चर बनी है।' संकल्प ने जवाब दिया।

'सर, कल मेरा भी कंपास बॉक्स गायब हो गया था।' शिवानी भी खड़ी होकर बोली।

'और किस-किस के कंपास बॉक्स गायब हुए हैं? अपने-अपने हाथ उठाकर बताओ।' टीचरजी ने क्लास में सभी बच्चों से पूछा।

जवाब में छह-सात बच्चों के हाथ उठ गए। 'जिस किसी बच्चे ने शरारत की हो वह क्लास खत्म होने के बाद टीचर्स रूम में अकेले में आकर मुझे सच-सच बता दे। मैं किसी को उसका नाम नहीं बताऊंगा।' टीचरजी बोले। क्लास खत्म होने के बाद टीचरजी स्कूल बंद होने तक इंतजार करते रहे, लेकिन कोई बच्चा उनके पास नहीं आया। अगले दिन क्लास आरंभ होने पर टीचरजी बोले, 'बच्चों, कल मैंने शाम तक टीचर्स रूम में इंतजार किया, लेकिन कोई बच्चा नहीं आया। इसलिए मैं लाल रंग की जादुई पर्चियां लाया हूं। यह जादुई पर्चियां अलग-अलग लिफाफों में रखी हुई हैं। एक-एक बच्चा आए और अपना नाम बताकर लिफाफे पर उसका नाम लिख दिया जाएगा। यह लिफाफा सभी बच्चे अपने घर ले जाएंगे। कोई भी बच्चा लिफाफे को खोलकर नहीं देखेगा। कल सुबह सभी बच्चे क्लास में लाकर मुझे अपना-अपना लिफाफा देंगे। इन लिफाफों में जो लाल रंग की पर्चियां हैं, वह लाल ही रहेंगी। लेकिन जिस बच्चे ने कंपास बॉक्स चुराया है, उसकी पर्ची काली हो जाएंगी।' एक-एक करके सारे बच्चे आते गए और लिफाफे पर अपना नाम लिखवाकर लेते गए।

अगले दिन क्लास आरंभ होने पर टीचरजी ने सभी बच्चों से कहा, 'चलो बच्चों, अपना-अपना लिफाफा देकर जाओ। मैं पता लगाऊंगा कि किस बच्चे ने चोरी की है?'

सभी बच्चे अपना-अपना लिफाफा टीचरजी को देकर चले गए। लंच में टीचरजी सारे लिफाफे लेकर टीचर्स रूम में गए। सभी लिफाफों को खोलकर देखा तो सारे लिफाफों की पर्चियां काली थीं। केवल एक लिफाफे की पर्ची ही लाल थी। टीचर जी ने उस लिफाफे पर लिखा नाम पढ़ा और समझ गए कि किस बच्चे ने क्लास में कंपास बॉक्स चोरी किए हैं।

लंच के बाद टीचरजी ने क्लास में आकर बच्चों से कहा, 'बच्चों, कंपास बॉक्स चोर की पहचान हो गई है। मैंने लिफाफों में जो पर्चियां रखी थीं, वह ना तो जादू की थीं और ना ही लाल रंग की थीं। सारी पर्चियां काली ही थीं।' टीचर जी की बात से बच्चे चौंक पड़े। 'लेकिन आपने तो कहा था कि सारी पर्चियां लाल हैं, केवल चोर की पर्ची ही काली होगी?' रिंकी ने आश्चर्य से पूछा।

'हां, मैं जानता था कि जो बच्चा चोर होगा, वह अपना लिफाफा जरूर खोलकर देखेगा। जब उसे अपने लिफाफे में काली पर्ची दिखाई देगी, तो वह डर जाएगा और लिफाफे में लाल पर्ची रख देगा। हुआ भी ऐसा ही। चोर बच्चे ने काली पर्ची निकाल कर लाल पर्ची डाल दी और पकड़ा गया।' टीचर जी बोले।

'तो बताइए कौन है वो?' ऋतु ने टीचरजी से पूछा। 'मैं उसका नाम किसी को नहीं बताऊंगा। इससे वह आप सब की नजरों में गिर जाएगा। इसलिए मैं उसे सलाह देता हूं कि वह सभी बच्चों के कंपास बॉक्स लौटा दे।' टीचरजी ने यह बात बहुत प्यार से कही। अगले दिन लंच के बाद जब बच्चों ने कैंटीन से लौटकर लंच बॉक्स रखने के लिए अपना स्कूल बैग खोला तो उन सभी बच्चों के बैग में उनके गायब हुए कंपास बॉक्स रखे हुए मिले।

कंपास बॉक्स हाथ में लेकर संकल्प बोला, 'सर, मेरा कंपास बॉक्स मिल गया!'

'मेरा भी और साथ में सॉरी की स्लिप भी मिली!' शिवानी बोली। उसके बाद सारे बच्चे जादुई पर्ची की चर्चा करते रहे और जिस बच्चे ने कंपास बॉक्स चोरी किए थे, वह नजरें झुका कर बैठा था। मन ही मन वह टीचरजी को धन्यवाद दे रहा था कि उन्होंने उसका नाम नहीं लिया। साथ ही निश्चय कर लिया कि आगे से वह ऐसा गलत काम नहीं करेगा, अच्छा बच्चा बनकर खूब पढ़ाई करेगा। *

कविता
डॉ. सुरेंद्र विक्रम



## सड़क बनी नई

बहुत दिनों के बाद गांव में
सड़क बनी है लंबी-चौड़ी।
कई दिनों से खड़ी हुई थी
चली साइकिल दौड़ी-दौड़ी।
चम-चम चमके नई सड़क
यह हम सबकी है जिम्मेदारी।
एक पंक्ति में चप्पल रखकर
हम सबने कर ली तैयारी।
चली साइकिल पानी जैसी
बीच सड़क पर कहीं न रोड़ा।
उसको सजा भुगतनी होगी
जिसने किसी नियम को तोड़ा।
खुशी-खुशी हम निकल पड़े हैं
यही बात सबको बतलाने।
तारकोल से पुती सड़क भी
सुना रही है मीठे गाने।

## अंतर बताओ

बच्चों, यहां एक समान दिखने वाले दो चित्र दिए गए हैं। इनमें 5 अंतर हैं। तुम्हें दो मिनट में ये सभी अंतर खोजने हैं। तो देर किस बात की, फटाफट सारे अंतर खोजो-



**उत्तर :** 1.चश्मा पहने हुए लड़के के शर्ट की कॉलर का डिजाइन अलग है। 2.लड़की के बालों में लगे रबर बैंड का कलर अलग है। 3.दाहिनी तरफ बैठे लड़के की कुर्सी का एक पाया गायब है। 4.टेबल पर आगे की तरफ तीन की बजाय चार कलर-पेंसिल्स रखी है। 5.बाईं तरफ बैठे लड़के की ड्राइंग शीट से ड्राइंग गायब है।

## गिनकर बताओ

बच्चों, यहां चित्र में दिए गए हर एनिमल को गिनो और नीचे उनके चित्र के पास दिए गए सर्किल में उनकी संख्या लिखो।



## सही परछाई पहचानो

बच्चों, यहां बेबी एलीफेंट का एक चित्र दिया गया है। साथ ही कुछ परछाइयां भी दी गई हैं। चित्र को गौर से देखो और बताओ कि बेबी एलीफेंट की सही परछाई कौन-सी है?




उत्तर-3

# 10वें स्थान पर रहे अमित... धर्मबीर ने स्वर्ण और प्रणव ने रजत जीत दी गुरु दक्षिणा

एजेंसी ▶▶| पेरिस

अमित कुमार सरोहा पैरालंपिक में पुरुषों की क्लब थ्रो एफ51 स्पर्धा में भले ही आखिरी स्थान पर रहे हों लेकिन उनके शिष्य धर्मबीर के स्वर्ण और प्रणव सूरमा के रजत पदक के रूप में युवा पीढ़ी की सफलता उनके लिए मिशन पूरा होने की तरह है। बुधवार को पैरालंपिक में भारत के पदकों की संख्या 24 हो गई जब धर्मबीर और प्रणव ने शीर्ष दो में जगह बनाई लेकिन अमित इसी स्पर्धा में 10वें और आखिरी स्थान पर रहे। यह पूछे जाने पर कि क्या धर्मबीर का स्वर्ण शिक्षक दिवस से पहले उपहार था, अमित ने कहा कि यह उनकी किसी भी इच्छा से बढ़कर है। उन्होंने कहा, 'हम स्वर्ण पदक लेकर वापस जा रहे हैं और इससे बड़ी गुरु दक्षिणा नहीं हो सकती कि हम साथ थे, हम एक-दूसरे के खिलाफ प्रतिस्पर्धा कर रहे थे और उन्होंने स्वर्ण पदक जीता। सिर्फ शिक्षक दिवस का उपहार ही नहीं, उन्होंने आज मुझे सभी उपहार दिए हैं (जो कोई दे सकता है)। सिर्फ उन्होंने ही नहीं, बल्कि प्रणव (सूरमा) ने भी, क्योंकि जब मैंने भारत में क्लब थ्रो शुरू किया था तब कोई नहीं जानता था कि यह क्या है।'

### अमित चौथी बार फेल

अमित ने कहा कि अपने चौथे प्रयास में पदक जीतने से चूकने से उन्हें कोई निराशा नहीं हुई। उन्होंने कहा, 'मेरा जो सपना था, वह सच हो गया। जब से मैंने खेलों में भाग लेना शुरू किया, तब से पैरालंपिक में पदक जीतना मेरा सपना था और यह मेरी चौथी प्रतियोगिता है, आप जानते हैं कि मैं टीम में सबसे सीनियर एथलीट हूं, तो क्या हुआ अगर मैं इसे नहीं जीत पाया, मेरे शिष्य ने इसे जीत लिया।'




### स्वर्ण गुरु अमित को समर्पित

धर्मबीर ने पुरुषों की क्लब थ्रो एफ51 स्पर्धा का पैरालंपिक स्वर्ण पदक टीम के अपने साथी और कोच अमित कुमार सरोहा को समर्पित किया है और उम्मीद जताई कि उनकी उपलब्धि पैरा एथलीटों की अगली पीढ़ी को विरासत को आगे ले जाने के लिए प्रेरित करेगी। धर्मबीर ने कहा, 'मैं यह पुरस्कार अपने गुरु अमित सरोहा को समर्पित करता हूं। उनका आशीर्वाद शुरू से ही मेरे साथ है और इसी वजह से मैं यह पदक जीत पाया।'

### जीवन एक बड़ी चुनौती

दुर्घटना के कारण व्हीलचेयर का सहारा लेने के लिए मजबूर प्रणव सूरमा अपने अंतिम नाम के अनुरुप खेलते हैं और अब पैरालंपिक खेलों में पदार्पण करते हुए रजत पदक जीतने के बाद उन्हें उचित प्रसिद्धि मिलेगी। प्रणव ने कहा, 'हमने इस लम्हे के लिए दिन-रात काम किया है क्योंकि चिकित्सा स्थिति को देखते हुए बहुत सारी चीजें चल रही हैं और नियमित ट्रेनिंग तथा व्यायाम हमारी चिकित्सा स्थिति में एक बहुत बड़ी चुनौती है। मेरी शारीरिक स्थिति को देखते हुए जीवन 'अपने आप में एक बहुत बड़ी चुनौती है।'




## खबर संक्षेप



### एक टेस्ट मैच के लिए भारत पहुंची कीवी टीम

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान के खिलाफ ग्रेटर नोएडा में नौ सितंबर से शुरू हो रहे एकमात्र टेस्ट के लिए न्यूजीलैंड टीम बृहस्पतिवार को यहां पहुंच गई। दोनों टीमों के बीच यह पहला टेस्ट होगा। न्यूजीलैंड के कप्तान तेज गेंदबाज टिम साउदी हैं जबकि टीम में पूर्व कप्तान केन विलियमसन, डेवोन कोंवे, ग्लेन फिलिप्स और रचिन रविंद्र जैसे धुरंधर शामिल हैं। न्यूजीलैंड टीम में पांच स्पिनरों को शामिल किया गया है। टीम का पहला अभ्यास सत्र शुक्रवार को होगा। यह मैच श्रीलंका के खिलाफ दो मैचों की श्रृंखला की तैयारी के लिए अहम होगा।

### अक्षर ने बनाए 86 रन और चटकाए दो विकेट

**अनंतपुर।** अक्षर पटेल ने गुरुवार को यहां दलीप ट्रॉफी प्रतियोगिता के पहले दिन भारत सी के खिलाफ खराब शुरुआत के बाद 86 रन की पारी खेली और फिर दो विकेट झटककर भारत डी को मैच में वापसी कराई। भारत सी के तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज (दो विकेट) और विजयकुमार विशाक (तीन विकेट) ने मददगार पिच का फायदा उठाते हुए भारत डी के बल्लेबाजों को आउट कर दिया जिससे टीम 48 रन पर छह विकेट गंवाकर मुश्किल स्थिति में थी।

## यूएस ओपन : सीधे सेट में स्वियाटेक को 6-2, 6-4 से हराया

# पेगुला ने वर्ल्ड नंबर-1 स्वियाटेक को हराया, सेमीफाइनल में बनाई जगह

एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

अमेरिका की जेसिका पेगुला ने बुधवार को यहां दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी इगा स्वियाटेक को सीधे सेट में हराकर उलटफेर करते हुए अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के सेमीफाइनल में जगह बनाई। तीस साल की पेगुला ने स्वियाटेक को 6-2, 6-4 से हराकर पहली बार किसी ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

इससे पहले छठी वरीय पेगुला को ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में छह बार शिकस्त का सामना करना पड़ा था। अपने पिछले 15 मैच हार्ड कोर्ट पर खेलते हुए 14 जीत दर्ज करने वाली पेगुला ने कहा, 'मैं इतनी बार से हार रही थी। मुझे पता है कि सभी मेरे से इस बारे में पूछते रहते थे लेकिन मेरा जवाब होता था कि मुझे नहीं पता कि मुझे इससे अलग क्या करना है। मुझे बस कोर्ट पर उतरकर मैच जीतना है। इसलिए भगवान का शुक्र है कि मैं ऐसा कर पाई और अंततः मैं कह सकती हूं कि मैं सेमीफाइनलिस्ट हूं।'


इगा स्वियाटेक

### दो सेट में जीती माइया

फ्रेंच ओपन 2023 के फाइनल में स्वियाटेक के खिलाफ हार के साथ उप विजेता रहीं मुचोवा ने 22वीं वरीय बीट्रिज हदाद माइया को 6-1, 6-4 से हराकर लगातार दूसरी बार अमेरिकी ओपन के सेमीफाइनल में जगह बनाई। पिछले साल अमेरिकी ओपन के सेमीफाइनल में कोको गॉफ के खिलाफ शिकस्त के बाद मुचोवा ने अपनी दाहिनी कलाई का ऑपरेशन कराया था और फिर वह लगभग 10 महीने तक टूर से दूर रही और जून में वापसी की।

### यानिक सिनर की सेमीफाइनल में एंट्री

दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर ने बुधवार को यहां पुरुष एकल में पूर्व चैंपियन दानिल मेदवेदेव को चार सेट में हराकर पहली बार अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इटली के शीर्ष वरीय सिनर ने 2021 के चैंपियन मेदवेदेव को 6-2, 1-6, 6-1, 6-4 से हराया। दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ियों नोवाक जोकोविच और कार्लोस अल्कारेज के जल्द बाहर होने के बाद अब पुरुष एकल में सिनर एकमात्र ग्रैंडस्लैम विजेता बचे हैं। सिनर फाइनल में जगह बनाने के लिए शुक्रवार को ब्रिटेन के 25वें वरीय जैक ड्रेपर से भिड़ेंगे। इसी दिन एक अन्य सेमीफाइनल 12वें वरीय टेलर फ्रिट्ज और 20वें वरीय फ्रांसेस टियाफो के बीच खेला जाएगा। बाइस साल के ड्रेपर ने पहली बार ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई है। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में 10वें वरीय एलेक्स डि मिनोर को 6-3, 7-5, 6-2 से हराया।

## निशानेबाजी

# संधू ने विश्व बधिर निशानेबाजी चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण पदक




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत की महित संधू ने जर्मनी के हनोवर में चल रही दूसरी विश्व बधिर निशानेबाजी चैंपियनशिप के पांचवें दिन महिलाओं की 50 मीटर राइफल प्रोन स्पर्धा का स्वर्ण पदक और अभिनव देशवाल ने पुरुषों की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा का कांस्य पदक जीता।

इन दो पदकों से भारत के कुल 15 पदक हो गए हैं जिसमें चार स्वर्ण, सात रजत और चार कांस्य पदक शामिल हैं। यह महित का विश्व बधिर चैंपियनशिप में दूसरा स्वर्ण और कुल तीसरा पदक था। इससे पहले उन्होंने धनुष श्रीकांत के साथ मिश्रित 10 मीटर एयर राइफल में स्वर्ण और 10 मीटर एयर राइफल व्यक्तिगत स्पर्धा में रजत जीता था। महित ने फाइनल में 247.4 का स्कोर बनाया और हंगरी की मीरा बियातोवस्की से 2.2 अंक आगे रहीं। इस भारतीय निशानेबाज ने क्वालीफिकेशन दौर में 617.8 के स्कोर से शीर्ष पर रहकन फाइनल के लिए क्वालीफाई किया था।

### तनीषा-ध्रुव की जोड़ी क्वार्टर फाइनल में



**ताइपे।** भारत की तनीषा क्रास्टो और ध्रुव कपिला की मिश्रित युगल जोड़ी ने बृहस्पतिवार को यहां ताइपे ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया लेकिन देश के पुरुष एकल खिलाड़ियों को दूसरे दौर में हार का सामना करना पड़ा। तनीषा और ध्रुव ने अपने राउंड 16 मैच में चीनी ताइपे के को-ची चांग और येन यू लिन की जोड़ी को 21-13, 22-20 से हराने में सिर्फ 33 मिनट का समय लिया। क्वार्टर फाइनल में अब तनीषा और ध्रुव का सामना थाईलैंड के पक्कापोन तीरात्सकुल और फातिमास मुएनवोंग की जोड़ी से होगा।

## पैरालंपिक

# 100 मीटर रेस में चौथे स्थान पर रहीं सिमरन




एजेंसी ▶▶| पेरिस

भारतीय धाविका सिमरन ने गुरुवार को यहां पेरिस पैरालंपिक के महिला टी12 वर्ग की 100 मीटर रेस के फाइनल में चौथे स्थान पर रहीं। सिमरन ने सेमीफाइनल में 12.33 सेकंड के समय से फाइनल में जगह बनाई थी। लेकिन फाइनल में वह 12.31 सेकंड के समय से चौथे और अंतिम स्थान पर रहीं। क्यूबा की ओमारा डूरंड ने 11.81 सेकंड के समय से स्वर्ण पदक जीता। यूक्रेन की ओक्साना बोटुरचुक ने 12.17 सेकेंड के समय से रजत और जर्मनी की कैट्रिन मुलर ने 12.26 सेकंड का समय निकालकर कांस्य पदक जीता। इससे पहले नई दिल्ली की 24 वर्षीय मौजूदा विश्व चैंपियन सिमरन दूसरे सेमीफाइनल में जर्मनी की कैटरीन म्यूलर रोटगार्ड के बाद दूसरे स्थान पर रहीं। सिमरन सेमीफाइनल में कुल मिलाकर तीसरे स्थान पर रही। सिमरन ने बुधवार को अपनी हीट में 12.17 सेकंड से सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया था।

### मोना, सिद्धार्थ नहीं कर सके क्वालीफाई

**शेटराउ।** भारतीय निशानेबाज पैरालंपिक खेलों में मिश्रित 50 मीटर राइफल प्रोन स्पर्धा के फाइनल में जगह नहीं बना सके। महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल (एसएच 1) श्रेणी में कांस्य पदक जीतने वाली मोना छह सीरिज के बाद 610.5 स्कोर करके 30वें स्थान पर रही। वहीं 10 मीटर एयर राइफल प्रोन क्वालीफिकेशन में 28वें स्थान पर रहे सिद्धार्थ बाबू 615.8 के स्कोर के साथ 22वें स्थान पर रहे। स्पेन के जुआन अंतोनियो रेनाल्डो 626.9 का स्कोर करके शीर्ष रहे।



### बीसीसीआई एजीएम : नए एनसीए का होगा उद्घाटन

**बेंगलुरु।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड की 93वीं वार्षिक आम बैठक यहां 29 सितंबर को होगी लेकिन इस बैठक में बोर्ड के नए सचिव का चुनाव होने की संभावना नहीं है। हालांकि एजीएम शहर के बाहरी इलाके में अत्याधुनिक राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के उद्घाटन के दौरान ही होगी क्योंकि बोर्ड के सभी सदस्य शहर में मौजूद रहेंगे। दो दशक से अधिक समय पहले अस्तित्व में आने के बाद से एनसीए एम चिन्नास्वामी स्टेडियम परिसर से संचालित हो रहा है। एजीएम में बीसीसीआई के नए सचिव का चुनाव नहीं होगा लेकिन इस बैठक में चुनाव के लिए विशेष आम बैठक की तारीख तय की जा सकती है।

असली केंदवा मलहम
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें।
रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें।
ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये। HMS देखकर खरीदें
घमंडी दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा
सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्टी पर, टांसिल बढ़ने पर, कुलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों ओर सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिस्कुटी आदि पर, खुर्रा पर, बिबाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है।
94060-21769

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समयः सुबह 9.30 से 4.30 तक

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330
मो. 0771-4347172

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

वात, स्पाइन एवं पाइल्स केयर
मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर
मो. 9039050422
मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130




# आखिर गगनयान की पहली उड़ान में मक्खियों को क्यों भेज रहा है इसरो?

एजेंसी ▶▶ न्यूयार्क

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) सबसे बड़े स्पेस मिशन गगनयान की तैयारियों में जुटा है। देश के पहले मानव अंतरिक्ष मिशन गगनयान के लिए वैज्ञानिकों को ट्रेनिंग दी जा रही है। अब संभावना है कि गगनयान की पहली उड़ान में जीव को भेजा जाएगा। इसरो अंतरिक्ष यान में मक्खियों को भी भेजेगा। यह एक मानवरहित मिशन होगा, लेकिन इसमें 20 कंटेनर्स में मक्खियों को भरकर भेजा जाएगा। इसका मकसद अंतरिक्ष में जाने वाले यात्रियों को होने वाले किडनी स्टोन का अध्ययन किया जा सके।

दरअसल, मक्खियों में 77 प्रतिशत ऐसे जीन्स पाए जाते हैं, जो इंसानों की बीमारियों का कारण बनते हैं। मक्खियों का एक्सक्रीटरी सिस्टम (उत्सर्जन तंत्र) बहुत हद तक इंसानों की तरह होता है। अगर इन मक्खियों को अंतरिक्ष में रहने पर स्टोन की परेशानी होती है, तो इससे अंतरिक्ष यात्रियों को होने वाले किडनी स्टोन का अध्ययन करने में मदद मिलेगी। इसरो और इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ स्पेस एंड टेक्नोलॉजी और धारवाड़ की यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर साइंसेज के वैज्ञानिक साथ मिलकर इस पर काम कर रहे हैं। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन मक्खियों को 20 कंटेनर्स में भरकर गगनयान के पहले कैप्सूल लॉन्च में भेजेगा। इस साल के आखिरी में लॉन्चिंग की संभावना है।

## जानिए कब लॉन्च होगा गगनयान का पहला मिशन

गगनयान का पहला मिशन G-1 इस साल दिसंबर में लॉन्च किया जा सकता है। इसके छह महीने बाद G-2 अगले साल या दोनों मिशन अगले साल यानी 2025 के शुरुआती छह महीनों में लॉन्च किए जा सकते हैं। गगनयान मिशन का पांच चरण का होगा। पहला G-1 मानवरहित, अनप्रेशराइज्ड होगा। G-2 मानवरहित, प्रेशराइज्ड और ह्यूमेनॉयड रोबोट के साथ होगा। इसके अलावा G-3 मानवरहित वैकल्पिक टेस्ट उड़ान है। यह सभी उड़ानें 2025 तक पूरी हो जाएगी। इसके बाद H-1 मानवयुक्त उड़ान होगी, जिसमें भारतीय अंतरिक्षयात्री स्पेस में जाएंगे। यह मिशन 2025 या 2026 तक पूरा हो जाएगा।





## अंतरिक्ष से देखिए, धरती पर गुजरते हुए 24 घंटे

**न्यूयार्क।** समय बीतने के साथ-साथ अंतरिक्ष में इंसान के कदम भी आगे बढ़ रहे हैं। हमें अपनी धरती के बारे में भी ऐसे तमाम रहस्य पता चलते गए, जो हम नहीं जानते थे. इसकी खूबसूरती और हरी-भरी वादियों के अलावा यहां ऐसी तमाम चीजें भी हैं, जो अब तक रहस्य बनी हुई हैं। अब हर चीज तो हम नहीं जान सकते, लेकिन अंतरिक्ष से धरती को देख सकते हैं। आपने कई वीडियो में धरती को नीले और सफेद रंग में दमकते हुए देखा होगा। अंतरिक्ष से शूट किया गया एक ऐसा वीडियो है जिसमें 24 घंटे की गतिविधि टाइमलैप्स में देखी जा सकती है। इस अद्भुत वीडियो को सैटेलाइट हिमावरी 8 ने कैद किया है, जो देखने वालों को मंत्रमुग्ध कर रहा है।




# शराबी पिता ने बेटे को उतारा मौत के घाट, बेटी का रेता गला

**कवर्धा।** जिले के कुण्डा थाना क्षेत्र के ग्राम रेंहुटा से एक सनसनीखेज और दर्दनाक वारदात सामने आई है। जिसमें एक शराबी पिता ने अपनी करीब 20 वर्षीय बेटी का गला रेतकर गंभीर रूप से घायल कर दिया वहीं अपने 10 वर्षीय बेटे का गला घोंट कर उसकी हत्या कर दी। इतना ही नहीं इस वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी ने स्वयं भी आत्महत्या करने की नियत से जहर सेवन कर लिया। घटना की जानकारी के बाद मौके पर पहुंची कुण्डा पुलिस ने गंभीर रूप से घायल युवती और उसके पिता को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया है गया है। इस संबंध में कुण्डा थाना प्रभारी महेश प्रधान ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस को घटना की जानकारी गुरूवार की सुबह आरोपी के पड़ोसियों के जरिए मिली और तत्काल पुलिस ने ग्राम रेंहुटा पहुंचकर गंभीर रूप से घायल युवति को जिला अस्पताल दाखिल कराया। श्री प्रधान ने बताया कि बुधवार-गुरूवार की दरमियानी रात करीब 1.30 बजे ग्राम रेंहुंटा निवासी रामफल साहू नाम के व्यक्ति ने अपने घर में ही अपनी बेटी मनीषा साहू आयु 20 वर्ष का गला अज्ञात कारणों के चलते टंगिया अथवा किसी धारदार हथियार से रेत दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई।

### शराबखोरी से त्रस्त थी बेटी

बताया जाता है कि आरोपी रामफल शराब का आदी था और उसकी शराबखोरी की वजह से ही उसकी पत्नी उसे छोड़कर मायके चली गई थी। आरोपी घर पर अपनी बेटी और दस वर्षीय बेटे के साथ रहता था। बेटी भी अपने पिता की शराबखोरी से त्रस्त थी। बताया तो यह भी जाता है कि आरोपी ने शराब के नशे में अपनी पत्नी और बेटे के तमाम जेवर तक बेंच दिए थे। जिसके चलते बेटी के साथ भी उसका अक्सर विवाद होते रहता था।







## जब 'मैया' ने प्यार से पुकारा राधा, पीछे से दौड़ी चली आई नन्ही बछड़ी

**नई दिल्ली।** दुनियाभर में कई ऐसे लोग हैं, जिन्हें जानवरों से लगाव होता है। कुत्ते और बिल्ली तो अब लगभग हर घर में मिल जाते हैं। वहीं, कई लोगों को गाय और पक्षियां भी बेहद पसंद होती हैं। लेकिन गाय जैसी जानवर को पालने के लिए काफी जगह की भी जरूरत होती है। हालांकि, कुछ लोग आज भी अपने बड़े-बड़े घरों में गाय-भैंस को पालते हैं। ऐसे में इन बेजुबान जानवरों का लगाव भी उन लोगों से हो जाता है। दोनों के बीच एक अलग ही रिश्ता बन जाता है। सोशल मीडिया पर एक ऐसा ही वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें एक गाय का बछड़ा एक महिला को ही अपनी मां समझने लगी है। वो नाम सुनते ही उस महिला के पास दौड़ी चली आती है और खूब प्यार जताती है। महिला ने इस बछिया का नाम राधा रखा है। वायरल हो रहे इस वीडियो को खुशी सिंह ने अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है, जो खुद इस वीडियो में नजर आ रही हैं। खुशी ने बताया है कि उनकी बछिया राधा जब 10 दिन की थी, तभी उसने अपनी मां को खो दिया। तब से वो हमारे साथ ही है। वीडियो में खुशी बछिया को राधा-राधा कहकर बुलाती हैं। खुशी जैसे ही बोलती हैं, 'ओ मेरी राधा, मेरी राधा' तो गायों के बीच से वो छोटी सी बछिया चुपचाप दौड़ी-दौड़ी खुशी की ओर चली आती है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com